


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 03 मई 2026

संवत 2083, जेष्ठ कृष्ण पक्ष 02 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 228 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ किस तरह वॉलिफाई कर सकते हैं सीसैट

अर्जुन कपूर व्यतित्व अधिकारों की रक्षा मामले में पहुंचे अदालत ◀◀ 6


### बुंडू डीएसपी ओम प्रकाश के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई

# जंगल से 7 क्विंटल अवैध डोडा बरामद, तस्कर फरार

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के रुगड़ी मोड़ के समीप पहाड़ी की तलहटी स्थित कदमडीह के जंगलों में छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में अवैध डोडा पुलिस ने बरामद किया है। बुंडू डीएसपी ओम प्रकाश के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने जंगल के गड्ढों में छिपाकर रखे गए कुल 21 बोरा डोडा बरामद किया। बरामद डोडा का वजन लगभग सात क्विंटल बताया जा रहा है, जिसकी अनुमानित कीमत छह से सात लाख रुपये आंकी गई है। डीएसपी ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर पहाड़ी और घने जंगलों का फायदा उठाकर भारी मात्रा में डोडा जमा कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व स्वयं डीएसपी ओम प्रकाश कर रहे थे। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से जंगल में छापेमारी की और छिपाकर रखे गए डोडा को बरामद कर लिया। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही तस्कर घने जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस अब फरार तस्करों की पहचान में जुटी हुई है। डीएसपी ने दावा किया कि बहुत जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि पश्चिम बंगाल समेत अन्य क्षेत्रों से अफीम और डोडा की तस्करी कर इलाके में पहुंचाया जा रहा है। इसके बाद इन नशीले पदार्थों को विभिन्न जिलों और राज्यों में सप्लाई किया जाता है। पुलिस लगातार ऐसे नेटवर्क पर नजर बनाए हुए है और तस्करों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। बुंडू डीएसपी ने कहा कि झारखंड पुलिस नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। युवाओं को नशे से बचाने और अपराध पर नियंत्रण के लिए अफीम, डोडा और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

इस कार्रवाई में बुंडू डीएसपी ओम प्रकाश के अलावा तमाड़ थाना के निभाई सोरेन, चोड़े तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र में अफीम और डोडा तस्करों में हड़कंप मच गया है।





### ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराई बाइक, शादी से लौट रहे दो युवकों की मौत

**पलामू/मेट्रो रेज:** जिले के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के रेडमा ओवरब्रिज पर एक बाइक रेलिंग से टकरा गई। जिससे दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना रविवार के अहले सुबह की है। मृतकों की पहचान पलामू के चैनपुर थाना के रहने वाले आनंद कुमार और मिंशु कुमार के रूप में हुई है। टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने घटना की पुष्टि की है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि दोनों युवक बाइक से पलामू के लेस्लीगंज के इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। इसके बाद जब वह शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहा था तो टाउन थाना क्षेत्र के रेडमा ओवरब्रिज पर उसकी बाइक रेलिंग से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

इधर, स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी टाउन थाना को दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पेट्रोलिंग की टीम भी मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को अस्पताल भेजा था। दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में शुरू किया गया है। घटना की जानकारी मिलने बाद बड़ी संख्या में परिजन एवं चिंतक अस्पताल में पहुंचे हैं। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

### बरगी क्रूज हादसा

# एक और बच्चे का मिला शव मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 12

एजेंसी

**जबलपुर:** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। इसी बीच रेस्क्यू टीम को रविवार सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान एक बच्चे का शव मिला है। इसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। अभी एक व्यक्ति और लापता है, जिसकी तलाश जारी है।

30 अप्रैल की शाम तेज आंधी-तूफान के चलते मप्र टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज बरगी डैम में डूब गया था। क्रूज में करीब 47 पर्यटक सवार थे। शुरूआत के दो दिन तक चले राहत एवं बचाव अभियान के दौरान नौ लोगों के शव बरामद कर लिये थे, जबकि 29 लोगों को बचा लिया गया था। अगले दिन शनिवार (2 मई) शाम 6 बजे दो बच्चों के शव मिले थे। इनमें से एक की पहचान श्रीतमिल (5) पुत्र कामराज और दूसरे की पहचान विराज (5) पुत्र कृष्ण सोनी के रूप में हुई थी। भारी बारिश और आंधी तूफान की वजह से शनिवार को राहत एवं बचाव कार्य रोक दिया गया था। रविवार को सुबह पुनः सर्चिंग शुरू की गई। इस दौरान सुबह करीब 6 बजे घटना स्थल से कुछ दूर पर एक और बच्चे का शव मिला है। मृतक का नाम मयूरन है, जो कि त्रिची (तमिलनाडु) का रहने वाला था। वह अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में जबलपुर आया था। इस हादसे में अब तक 12 लोगों की जान जा चुकी है। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि बरगी क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले तमिलनाडु के पर्यटकों के शव उनके गृह राज्य भेजे जा रहे हैं। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से कार्गो विमान के जरिए शवों को त्रिची रवाना किया गया है। परिजन भी साथ में रवाना हुए हैं। प्रशासन की ओर से अन्य शवों को भी चरणबद्ध तरीके से उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।



# सनकी शख्स ने पत्नी और चार बच्चों को उतारा मौत के घाट

### खुद के हाथ का नस भी काटा, हालत गंभीर, इलाजरत

एजेंसी

**गुरुग्राम :** गुरुग्राम के वजीरपुर इलाके से एक बेहद दर्दनाक और हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार देर रात एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि पति नाजिम ने अपनी पत्नी और चार छोटे-छोटे बच्चों को जहर दे दिया और फिर खुद भी सुसाइड करने की कोशिश की। नाजिम मुरादाबाद का रहने वाला था और गुरुग्राम में किराए के मकान में परिवार के साथ रहता था। वह यहां सैलून चलाकर अपने परिवार का खर्च चलाता था। करीब सात साल पहले उसने दिल्ली की रहने वाली नजमा से प्रेम विवाह किया था। दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खाई थीं, लेकिन किसी को नहीं पता था कि एक दिन ऐसा खौफनाक मोड़ आएगा।

इस घटना में 35 साल की नजमा और उनके चार बच्चों इकरा (14 साल), सिफा (12 साल), खतिना (10 साल) और आयन (8 साल) की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पहले नाजिम ने सभी को जहर दिया और उसके बाद खुद की नस काट ली। गंभीर हालत में उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पांचों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके से एक टूटा हुआ मोबाइल फोन भी मिला है, जिसे पुलिस जांच के लिए खंगाल रही है। शुरूआती जांच में पारिवारिक कलह या मानसिक तनाव जैसी बातें सामने आ रही हैं, लेकिन असली वजह क्या थी, इसका अभी तक साफ खुलासा नहीं हो पाया है। पड़ोसियों के मुताबिक, यह परिवार आम तौर पर हंसता-खेलता नजर आता था। किसी को अंदाजा नहीं था कि अंदर ही अंदर इतनी बड़ी परेशानी चल रही होगी। यही वजह है कि यह घटना पूरे इलाके के लिए एक बड़ा सदमा बन गई है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है, ताकि सच सामने आ सके।




# ईरान ने अमेरिका को भेजा नया शांति प्रस्ताव राष्ट्रपति ट्रंप को नहीं लगता बनेगी बात

- ✔ कतर के प्रधानमंत्री ने ईरान के विदेशमंत्री को टकराव रोकने के लिए दी सूझबूझ से काम लेने की सलाह


एजेंसी

**वाशिंगटन/दोहा/तेहरान:** ईरान ने अमेरिका को नया शांति प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव 14 सूत्रीय है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्वीकार किया है कि यह प्रस्ताव मिल चुका है। उन्होंने शनिवार को पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर पत्रकारों को यह जानकारी दी। ट्रंप ने साफ किया कि उन्होंने अभी भी नहीं लग रहा कि ईरान से बात बन पाएगी। उन्होंने कहा कि वह शांति प्रस्ताव की गहराई से समीक्षा करेंगे। इस बीच अमेरिका-इजराइल के फरवरी के आखिर में किए गए सैन्य हमले के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट लगातार गहरा रहा है। कतर के प्रधानमंत्री ने ईरान के विदेशमंत्री से सूझबूझ से काम लेने की सलाह दी है।

सीबीएस न्यूज, फॉक्स न्यूज, अल जजीरा और तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्रकारों को बताया कि ईरान ने अभी-अभी प्रस्ताव भेजा है। बावजूद इसके उन्हें नहीं लगता कि ईरान समझौता कर पाएगा। इसमें आक्रमण न करने की गारंटी, नाकाबंदी हटाने और लेबनान सहित सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा, ״मैंने इसे अभी देखा नहीं है। मैं प्रस्ताव की समीक्षा करूंगा। इसके बाद ही हमारे रुख की मीडिया को आधिकारिक जानकारी दी जाएगी।"

ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत के कुछ समय बाद ट्रुथ सोशल पर लिखा, " मुझे नहीं लगता कि ईरान का शांति प्रस्ताव स्वीकार्य होगा। ईरान ने पिछले 47 वर्षों में मानवता और दुनिया के साथ जो कुछ भी किया है, उसके लिए उसने अभी पूरी कीमत नहीं चुकाई है। वह इस प्रस्ताव को एयरफोर्स वन में पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि ईरान में सब कुछ तबाह हो चुका है। वह समझौता करने के लिए लालायित है। उन्होंने दुहराया कि अगर अमेरिका ईरान से हट भी जाए तो तबाह हुए मुल्क को खड़ा होने में 20 साल लग जाएंगे।

ट्रंप ने कहा, " मुश्किल यह है कि यही समझ में नहीं आ रहा का इस समय ईरान का सर्वमान्य नेता कौन है। कभी कोई आगे आ जाता है तो कभी कोई। ऐसी स्थिति में इस बात की पक्की संभावना है कि अमेरिका फिर से कुछ ठिकानों पर सैन्य हमले शुरू कर सकता है। अगर ईरान ने कोई बेजा हरकत की तो उसके लिए बहुत बुरा होगा।




भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA

गृह मंत्रालय भारत सरकार

सत्यमेव जयते

## हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)

स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

**स्व-गणना क्या है?**

स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- **क्या स्व-गणना अनिवार्य है?**
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- **क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?**
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- **क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?**
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- **क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?**
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- **SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?**
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- **यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?**
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- **क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?**
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- **क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?**
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- **क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?**
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0079/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027

न्यूज IN ब्रीफ

## सुनील सिंह ने मित्र के पुत्र को दी सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं



**रांची :** भाजपा नेता सह भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री (संगठन) सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह धर्मपत्नी समाजसेवी रूबी सिंह के साथ अपने मित्र श्रीकांत दुबे के सुपुत्र वैभव दुबे की शादी उपरांत आशीर्वाद समारोह में शामिल होकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। वैभव दुबे (ग्राम पोस्ट पूर्वडीहा, थाना चैनपुर, जिला पलामू। वर्तमान पता सीआईडी कॉलोनी, सिमलिया, रातू, रांची झारखंड) निवासी श्रीकांत दुबे एवं प्रमिला देवी के सुपुत्र हैं। जिनकी शादी (ग्राम बड़कागांव, पोस्ट रजवाड़ी, थाना डाल्टनगंज, जिला पलामू झारखंड) निवासी रामप्रवेश पांडेय एवं शीला पांडेय की सुपुत्री स्मृति कुमारी के साथ 28 अप्रैल 2026 को संपन्न हुई। जबकि आशीर्वाद समारोह सीआईडी कॉलोनी, सिमलिया रातु रांची में आयोजित की गई। उक्त आशीर्वाद समारोह के मौके पर भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह ने नव दंपत्ति (वैभव एवं स्मृति) को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ नव विवाहित जोड़े को सलामत रखें। दोनों की वैवाहिक जीवन मंगलमय हो। मैं तुम्हें शादी पर बधाई देता हूं, और ईश्वर से तुम्हारे लिए एक समृद्ध और खुशहाल घर की कामना करते हुए, तुम्हें नव वैवाहिक जीवन की शुरूआत पर खुशी, प्रेम और प्रसन्नता की अनंत शुभकामनाएं देता हूं। उक्त आशीर्वाद समारोह के मौके पर पूर्व डीएसपी विनोद गुप्ता, पुलिस इंस्पेक्टर श्यामचंद्र प्रसाद सिंह, एसबी ओझा , युवा नेता अरविंद तिवारी, समाजसेवी अभिषेक मिश्रा, रामाशीष शर्मा, रामबाबू शर्मा, शिव शंकर शर्मा, अशोक दुबे, गौतम राय सहित परिवार के सदस्यगण सगे संबंधी एवं मित्रगण शामिल रहे। अतिथियों ने वैभव दुबे एवम स्मृति कुमारी के सुखद, सफल और समृद्ध दांपत्य जीवन की मंगलकामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## पति ही निकला पत्नी का कातिल, पिता के साथ मिलकर रची थी साजिश



**हजारीबाग :** जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में महिला की गोली मारकर हत्या के मामले का पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि यह हत्या कोई लूटपाट की घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश का परिणाम थी, जिसमें मृतका के पति की ही मुख्य भूमिका सामने आई है। घटना 26 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:15 बजे की है, जब कोले रेलवे स्टेशन के समीप बाइक सवार दंपत्ति पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी थी। इस हमले में मंजू देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनके पति विकास प्रजापति घायल हो गए थे। घायल विकास के बयान के आधार पर केरेडारी थाना कांड संख्या 53/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पत्नी से छुटकारा पाना चाहता था विकासः एसपी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जब विकास प्रजापति से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने स्वीकार किया कि पारिवारिक कलह के कारण वह अपनी पत्नी से छुटकारा पाना चाहता था। इसी योजना के तहत उसने अपने पिता नरेश प्रजापति और सहयोगी सुनील गंझू व लालेश्वर गंझू के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

खुद को भी गोली लगवाकर रची कहानीः योजना के मुताबिक, सुनिल और लालेश्वर पहले से हेन्देगीर-कोले के बीच जंगल क्षेत्र में घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही विकास अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचा, दोनों ने देशी कट्टे से मंजू देवी को गोली मार दी। शक से बचने के लिए विकास ने खुद को भी गोली लगने की कहानी गढ़ी और अपने हाथ में गोली लगवाई। पुलिस ने विकास की निशानदेही पर उसके पिता नरेश प्रजापति और लालेश्वर गंझू को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की यामाहा मोटरसाइकिल और एक काला पर्स भी बरामद किया गया है। हालांकि इस मामले में एक अन्य आरोपी सुनील गंझू अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई में एसडीपीओ बड़कागांव पवन कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार सहित तकनीकी शाखा की टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रनिया में जंगली हाथी का आतंक, किसानों का तोड़ा घर, खाया अनाज

**खूंटी :** जिले में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि जंगल से भटककर एक जंगली हाथी रनिया प्रखंड क्षेत्र के कोटॉगेर साके टोली गांव पहुंच गया, जहां उसने दो किसानों के घरों को तोड़कर भारी नुकसान पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार हाथी ने किसान चानी बारला के कच्चे खपरैल घर और बरदान बारला के अल्बेस्टर लगे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। घरों को तोड़ने के बाद हाथी अंदर रखा धान खा गया। घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने रहने और खाने की समस्या खड़ी हो गई है।

हाथी के उत्पात की खबर मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जंगली हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने और गांवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# 'सांसद सांस्कृतिक महोत्सव-सह-स्वदेशी मेला' का उद्घाटन, राज्यपाल और सीएम हुए शामिल

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के ऑड्रे हाउस परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव-सह-स्वदेशी मेला-2026 के उद्घाटन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर प्रकाश डाला।

स्वदेशी उत्पादों पर जोरः मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में अनेक विविधताएं हैं। देश के भीतर कई विभिन्न समाज एवं वर्ग के लोग रहते हैं जिनकी अलग-अलग खूबियां और पहचान हैं। यही खूबियां और पहचान देश का एक मजबूत स्तंभ भी हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का मतलब स्वयं उत्पादित वस्तुएं होती हैं। देश के भीतर उत्पादित वस्तुओं को अधिक से अधिक बढ़ावा मिले, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार निरंतर इस दिशा में बेहतर कार्य कर रही है।

गांधीजी और स्वदेशी की अवधारणाः मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी स्वदेशी को अपनाया तथा देशवासियों को इसके प्रति प्रेरित किया। स्वदेशी मेला न केवल स्थानीय कारीगरों,



हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को सशक्त मंच प्रदान करता है, बल्कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने इस आयोजन के लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

स्वदेशी को बढ़ावा देने की पहलः हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज सरकार द्वारा गांव तथा शहरों में कई कार्यक्रमों के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों को प्रमोट किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक ऑड्रे हाउस परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य भी स्वदेशी वस्तुओं के साथ-साथ राज्य की कला-संस्कृति को बढ़ावा देना है।

झारखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक पहचानः उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश खनिज संपदाओं से पहचाना जाता है। ईश्वर ने इस राज्य को जमीन के अंदर के साथ-साथ जमीन के ऊपर भी काफी आकर्षक और खूबसूरत संपदाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज स्वदेशी खान-पान के साथ जीवनयापन करते थे, जो आज भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कई चीजों के प्रभाव से शरीर और स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ा है।

प्रतिभा से समृद्ध झारखंडः उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। राज्य के युवा शिक्षा, संस्कृति तथा खेलकूद सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चे हर मंच पर राज्य का गौरव बढ़ा रहे हैं। राज्य की कला-संस्कृति की देश-दुनिया में अलग पहचान है। यहां के कलाकार किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, जो गर्व का विषय है।

प्रदर्शनी और स्टॉल का अवलोकन

इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने स्वदेशी मेले में लगे विभिन्न प्रदर्शनी एवं स्टॉल का अवलोकन किया तथा कारीगरों से बातचीत कर उनके कार्य की सराहना की। मेले में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिल्पकारों द्वारा हस्तनिर्मित वस्त्र, आभूषण, घरेलू सजावटी सामग्री तथा मिट्टी और बांस से बने उत्पाद प्रदर्शित किए गए। उनके आगमन पर लोक कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं गीतों के साथ स्वागत किया गया।

प्रमुख उपस्थितिः इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद राज्यसभा आदित्य साहू, सांसद राज्यसभा दीपक प्रकाश, विधायक नवीन जायसवाल, महापौर रांची रोशनी खलखो, उप महापौर नीरज कुमार, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू सहित अन्य गणमान्य, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में लोक कलाकार उपस्थित थे।

# भारतीय जनता मजदूर संघ ने मनाया मजदूर दिवस, श्रमिकों को किया गया सम्मानित

संवाददाता

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर रांची शहर के रातू रोड चौक समीप टैक्सी स्टैंड स्थित मंदिर परिसर में मजदूर दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता मजदूर संघ के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष राणा सिंह तथा मंच संचालन प्रदेश महामंत्री (संगठन) सुनील कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में बीजेएमएस के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद मजदूरों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत बीजेएमएस की ओर से उपस्थित श्रमिक बंधुओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी ने कहा कि मजदूर दिवस का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों को सुनिश्चित करना, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए आवाज बुलंद करना है। यह दिन श्रमिकों के योगदान को याद करने और उनके संघर्षों को सम्मानित के लिए भी मनाया जाता है। डॉक्टर चौधरी जी ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर ने श्रमिकों के काम का समय 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे किया। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को प्रस्तुति अवकाश की सुविधा उपलब्ध कराई। उन्होंने श्रमिक बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिहाड़ी मजदूरी करने वाले मजदूर भाइयों के भी बच्चे पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस आईपीएस तथा योग्य बन रहे हैं। इसलिए आज मजदूर दिवस पर आप सभी श्रमिक भाइयों को कहना चाहूंगा कि आप अपने बच्चों को पढाने पर विशेष ध्यान दें, ताकि आपके भी बच्चे पढ़ लिखकर काबिल योग्य बनें। जबकि प्रदेश महामंत्री (संगठन) सुनील कुमार सिंह ने मजदूर दिवस के अवसर पर,कहा कि 01 मई 1886 को शिकागो में मजदूरों ने 8 घंटे काम की मांग को लेकर ऐतिहासिक आंदोलन की, जिसमें कई मजदूरों ने शहादत दी, जिसे 1889 में पेरिस में एक मई को मजदूर दिवस के रूप में घोषित किया गया। जबकि भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत 1923 में चेन्नई (मद्रास) से हुई थी। उन्होंने कहा कि मजदूर दिवस का उद्देश्य है हर हाथ को मिले काम, और श्रमिकों का सम्मान उन्होने केंद्र सरकार के द्वारा श्रमिकों के लिए बने (लेबर कोड) की के बारे में भी बताया। साथ हीं श्रमिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार से कई मांगे रखी, जिसमें 1/ स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था,2/ बैठने के लिए छाया (शेड) की सुविधा तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाना प्रमुख मांग है।

वहीं जिला अध्यक्ष राणा सिंह जी ने मजदूर भाइयों से आग्रह करते हुए कहा कि आप अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई को शराब पीने तथा बुरे कर्मों में नहीं गमाएं। आप अपने बच्चों की भविष्य बनाने में लगें, हम आपके साथ हर कदम पर चल कर साथ देने के लिए तत्पर हैं। वहीं प्रदेश सचिव अर्जुन यादव जी ने ऑटो चालकों के हक अधिकारों के साथ उन्हें जरूरी सुविधाएं दिए जाने की मांग झारखंड सरकार से की। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव (महिला) रेनू दुबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रांची जिला महासचिव सुनील सिंह, उज्जवल सिंह, प्रवीण सिंह उर्फ (पलामू), वीरेंद्र सिंह, सुशांत प्रियदर्शी, अजय साव सहित कई श्रमिक बंधु मौजूद रहे।

## नीट परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, उपायुक्त और एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता

**खूंटीः** आज होने वाली नीट(यूजी) परीक्षा को कदाचार मुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया एवं पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने संयुक्त रूप से पीएम केंद्रीय विद्यालय, डुमरदग्गा खूंटी स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, बॉयोमेट्रिक उपस्थिति, फ्रिस्किंग, कंट्रोल रूम संचालन, पेयजल, बिजली, साइनेज बोर्ड एवं मेडिकल इमरजेंसी जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां समय पर एवं त्रुटिरहित तरीके से पूरी की जाएं। उन्होंने जारी एसओपी का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया, फ्रिस्किंग एवं बॉयोमेट्रिक सत्यापन समय से पहले शुरू किया जाए। साथ ही परीक्षा केंद्र के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने को लेकर सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया।

वहीं पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी निभाने का निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगने दी जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत रखी जाए।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, केंद्र अधीक्षक सहित कई संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने खूंटी का किया दौरा






## योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन का दिया निर्देश

संवाददाता

**खूंटी :** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार ने रविवार को खूंटी जिला का दौरा किया। परिषदन खूंटी पहुंचने पर उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया एवं पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

दौरे के दौरान आयुक्त ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड तथा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनएससीएम), कोलकाता के सहयोग से संचालित मोबाइल साइंस एग्जीबिशन वैन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विज्ञान प्रदर्शनी 2 मई से 21 मई 2026 तक जिले के चयनित नौ विद्यालयों में भ्रमण करेगी। प्रदर्शनी का विषय केमिस्ट्री एंड लाइफ विथ फोकस ऑन वॉटर रखा गया है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जानकारी दी जाएगी।

इसके बाद आयुक्त ने समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मनरेगा के तहत 100 कार्य दिवस रोजगार सुनिश्चित करने, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप निर्माण, वीर शहीद पोटो हो खेल योजना एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया।

आयुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के जीर्णोद्धार, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा बच्चों को मेनू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में छात्रवृत्ति, पुस्तक, पोशाक एवं साइकिल वितरण समय पर सुनिश्चित करने को भी कहा।

पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गर्मी के मौसम को देखते हुए खराब चापाकलों की तत्काल मरम्मत कराने को कहा गया।

आयुक्त ने कहा कि खूँटी जिले में कुपोषण एक गंभीर समस्या है और इसे समाप्त करने के लिए प्रभावी पहल की आवश्यकता है। एमटीसी केंद्रों के बेहतर संचालन के भी निर्देश दिए गए।

अफीम की खेती पर चिंता जताते हुए उन्होंने पुलिस एवं संबंधित विभागों को स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने और अवैध अफीम खेती के विनष्टीकरण के लिए अभियान चलाने पर बल दिया।

पर्यटन विकास को लेकर आयुक्त ने प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा, पेयजल, शौचालय एवं पहुंच पथ जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए दाखिल-खारिज मामलों का समयबद्ध निष्पादन और राजस्व संग्रहण में तेजी लाने को कहा। पंचायतों में बन रहे खेल मैदानों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान नियमित राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने आयुक्त को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। दौरे के क्रम में आयुक्त ने कालामाटी एवं कदमा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने एएनसी टेबल, बेड एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा पोषण वाटिका में पौष्टिक साग-सब्जियों की खेती करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति एवं साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। इसके बाद उन्होंने खूंटी प्रखंड के डुगडुगीया स्थित सहयोग विलेज का निरीक्षण किया। यहां रसोई घर, भंडार गृह, भोजनालय, मनोरंजन कक्ष एवं स्पेशल केयर कक्ष का जायजा लेते हुए बच्चों को समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने एवं खाद्य सामग्री के उचित भंडारण के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने को कहा गया।

अंत में आयुक्त ने अंचल कार्यालय खूंटी का निरीक्षण किया और आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने दाखिल-खारिज, प्रमाण पत्र एवं अन्य लंबित मामलों का समय सीमा के भीतर निष्पादन करने को कहा। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी एवं अन्य अभिलेखों की भी समीक्षा की।

# नशाखोरी पर लगेगी लगाम, सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत, प्रमुख जगहों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरा

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांची:** चेंबर आफ कामर्स की पहल पर शनिवार को सुखदेवनगर थाने में पुलिस-व्यवसायी समिति की बैठक की गई। थाना क्षेत्र के व्यवसायियों एवं पुलिस प्रशासन के बीच विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर बात की गई।

थाना प्रभारी सुनील कुशवाहा ने थाना क्षेत्र में नशाखोरी पर नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि नशाखोरी पर अंकुश लगाने में पुलिस का सहयोग करें। बैठक में बढ़ती नशाखोरी, क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने तथा सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में सुखदेवनगर थाना में 1 पीसीआर एवं 4 टाइगर मोबाइल कार्यरत हैं। थाना स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में विधि-व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हुआ है।

चेंबर महासचिव रोहित अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि थाना में आम लोगों के साथ शालीन व्यवहार सुनिश्चित किया जाए ताकि लोग अपनी शिकायत दर्ज कराने में संकोच न करें। ला एंड आर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने प्रमुख बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में पुलिस गश्ती बढ़ाने, असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा समय-समय पर व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया।

सह सचिव नवजोत अलंग एवं सह सचिव रोहित पोद्दार ने थाना स्तर पर पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री ने पुलिस एवं व्यापारियों के बीच मित्रवत वातावरण बनाने पर जोर दिया।

सदस्य बिंदल वर्मा एवं शशांक भारद्वाज ने भी क्षेत्र की विधि-व्यवस्था में सुधार हेतु अपने विचार साझा किये। भविष्य में भी इस प्रकार की समन्वय बैठकें आयोजित करने पर सहमति बनी।

बैठक में उप समिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, सदस्य शशांक भारद्वाज, राजेश पोद्दार, रंजीत कुमार, बिंदुल वर्मा सहित क्षेत्र के कई व्यापारी शामिल थे।

# रांची में 10 मई को होगा भव्य मुशायरा-कवि सम्मेलन, तैयारियों को लेकर अहम बैठक संपन्न

**(गुलाम शाहिद)**



रांचीः झारखंड साहित्य संगम द्वारा प्रस्तावित 10 मई 2026 के भव्य मुशायरा एवं कवि सम्मेलन की पूर्व तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार, 2 मई 2026 को सायं 7:00 बजे गुलशन के कॉन्फ्रेंस हॉल, कर्बला चौक, रांची में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

बैठक का माहौल पूरी तरह अदबी रहा, जहाँ इल्म, तहजीब और संस्कृति के रंग स्पष्ट रूप से झलकते रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, आवश्यक इंतजामात, मेहमान-ए-खुसूसी, दावत-ए-आम तथा अनुशासन के साथ एक यादगार आयोजन सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित सभी ओहदेदारों एवं सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। आपसी सहमति से विभिन्न जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया, ताकि आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप दिया जा सके। इस अवसर पर वाई बी एन यूनिवर्सिटी, रांची की ओर से विशेष आह्वान किया गया कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों से शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं शोधार्थी इस प्रतिष्ठित साहित्यिक आयोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इसका उद्देश्य साहित्य, संस्कृति और सद्भाव का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना है।बैठक में नसीर अफसर, डॉ. वासुदेव प्रसाद, डॉ. अमीन रहबर, डॉ. रामजी यादव, काफिलुर रहमान, डॉ. ओम प्रकाश, सैफुल हक, लबरेज आलम, मो. फिरोज आलम, मो. इरफान अहमद एवं मो. रिजवान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। झारखंड साहित्य संगम के प्रदेश महासचिव डॉ. ओम प्रकाश ने वाई बी एन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. रामजी यादव को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 10 मई 2026 को आयोजित होने वाला मुशायरा एवं कवि सम्मेलन भव्य, अनुकरणीय और यादगार होगा, जिसमें प्रदेश एवं देश के प्रतिष्ठित शायर, कवि, बुद्धिजीवी और साहित्य प्रेमी अपनी सहभागिता दर्ज करेंगे।

## मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत व लगन जरूरी : कर्नल जीवन सिंह

- ✔ गुणवत्तापूर्ण व संस्कार युक्त शिक्षा सामाजिक सशक्तिकरण में सहायक : आरके झा

**मेट्रो रेज**



**ब्राम्बे/रांची:** लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत व लगन जरूरी है। शिक्षा के बिना समाज का सर्वांगीण विकास का नहीं हो सकता। स्वच्छ,स्वस्थ व समृद्ध समाज के लिए शिक्षा का अलख जगाएं।

उक्त बातें झारखंड के एंटी नक्सल स्क्वायड (एटीएस) के एसपी कर्नल जीवन सिंह ने कही। वे ब्राम्बे के जाहेर ग्राम स्थित मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित अलंकरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम अपने राष्ट्र व समाज को सशक्त कर सकते हैं। अंधविश्वास और रूढ़िवादी परंपराओं को समाप्त करने में भी शिक्षा की अहम भूमिका है। उन्होंने छात्रों को सदैव अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने की अपील की।

वहीं, समारोह के विशिष्ट अतिथि झारखंड-बिहार के प्रधान आयकर आयुक्त आरके झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गुणवत्ता युक्त और संस्कार युक्त शिक्षा सामाजिक सशक्तिकरण में सहायक है। उन्होंने छात्रों को देश,राज्य व समाज के प्रति कर्तव्यों का बोध कराते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

मौके पर मदर्स इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक शिक्षाविद अंबुज कुमार झा ने अतिथियों व सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्कूल की प्राचार्य डॉ.रोमी झा ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित काफी संख्या में अभिभावक गण भी उपस्थित थे।

## प्रसव के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

**दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश**



**पलामू/मेट्रो रेज :** जिले के पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रसव के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कड़ा रुख अपनाया है। जनता की शिकायतों का तुरंत संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने पलामू उपायुक्त को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।

सिर्फ कार्रवाई ही नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को सरकारी अस्पतालों का औडिट करने और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

गरीबों के हक और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य स्पष्ट हैः हर नागरिक को बिना किसी बाधा और भ्रष्टाचार के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले।

# गर्भवती महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की जांच अनिवार्य, प्रसव से पूर्व और बाद होगी स्कोरिंग

**संवाददाता**



**रांची:** देश में लगभग 15.6 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य की समस्या प्रसव के पूर्व और बाद में होती है। कमोबेश यही स्थिति झारखंड राज्य की भी है। इसका प्रतिकूल प्रभाव मां एवं शिशु दोनों पर पड़ता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, झारखंड ने इस समस्या के निदान के लिए सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसव के पूर्व और बाद में मानसिक स्वास्थ्य की जांच का निर्णय किया है।

बकायदा इसके लिए माड्यूल तैयार किया गया है। साथ ही चिकित्सकों, नर्सों तथा एएनएम को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

गर्भावस्था के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की जांच के लिए तैयार माड्यूल के तहत महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन पहले प्रसव पूर्व जांच या इसके लिए होनेवाले पंजीकरण के समय किया जाएगा।

दूसरी बार, प्रसव के बाद चार या छह सप्ताह में तथा तीन से चार माह में किया जाएगा। मानसिक स्वास्थ्य के आकलन के लिए चार क्वेश्चनेयर तैयार किए गए हैं, जिसके आधार पर शून्य से 12 अंकों की स्कोरिंग की जाएगी।

छह से आठ स्कोर होने को मध्यम दर्जे की समस्या मानी गई है, जिसमें चिकित्सा पदाधिकारी से जांच कराने, मेडिटेशन, ध्यान लगने पर जोर दिया गया है।

नौ से 12 स्कोर को गंभीर माना गया है। ऐसे मामले में महिला को मानसिक रोग विशेषज्ञ को रेफर किया जाएगा।

सबसे पहले जिला स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत जिला मानसिक स्वास्थ्य के तहत जांच व परामर्श की सेवा दी जाएगी। समस्या गंभीर होने पर रिनपास, सीआइपी या रिम्स में रेफर किया जाएगा।

मानसिक स्वास्थ्य का मां-शिशु दोनों पर प्रभावः गर्भावस्था के दौरान तथा प्रसव के एक वर्ष बाद तक मां के मानसिक स्वास्थ्य में किसी तरह की कमजोरियों पर प्रतिकूल प्रभाव मां एवं शिशु दोनों पर पड़ता है।

जानकारों के अनुसार, ऐसे मामलों में समय से पूर्व शिशु का जन्म होता है तथा गर्भवती महिलाएं अपना ख्याल रखने में असमर्थ हो सकती हैं। बच्चे के देखभाल में उनकी रुचि नहीं रहती।

वहीं, कम वजन भार के शिशु का जन्म होता है। कुछ मामले में बच्चों में बौद्धिक क्षमता की कमी भी देखी गई है।

## रांची विवि में नई शिक्षा नीति से पीजी की पढ़ाई, स्टूडेंट्स को मिलेंगे दो विकल्प




**रांची:** रांची विश्वविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई नयी शिक्षा पद्धति से शुरू होने के बाद अब पीजी की पढ़ाई की तैयारी चल रही है। नये सत्र 2025-27 से पीजी की पढ़ाई दो प्रकार से होगी। इसमें पहला एक साल का और दूसरा सामान्य पीजी दो वर्ष का होगा। इसके लिए सिलेबस भी विवि प्रशासन ने तैयार कर लिया है। वहीं एक वर्ष पीजी और दूसरे वर्ष की पीजी की सीटें भी तय कर दी गयी हैं। नामांकन प्रक्रिया भी इसी आधार पर ली जायेगी।

हालांकि रांची विवि में यूजी के एनईपी बैच का सत्र लेट है, लेकिन पीजी की पढ़ाई एनईपी के आधार पर ही होगी। इससे दूसरे राज्य के विद्यार्थी भी रांची विवि में एक वर्ष का पीजी कर सकेंगे।

तीन मोड में होगी पीजी की पढ़ाई : एनईपी के तहत पीजी के नये कोर्स में विद्यार्थियों को पीजी की पढ़ाई तीन मोड़ में करने का मौका मिल सेकेगा। इसमें पहला मोड होगा छह महीने का कोर्स वर्क और छह महीने का रिसर्च, दूसरा मोड होगा विद्यार्थी सीधे शोध कर सकेगा, उसे कोर्स वर्क करने की जरूरत नहीं होगा।

# दहकते अंगारों पर चले शिव भक्त

**-गाड़ीगांव व बूटी बस्ती में झूलन के साथ संपन्न हुआ शिव मंडा पूजा**

**संवाददाता**

मेसराः गाड़ीगांव व बूटी बस्ती में शिव मंडा पूजा झूलन के साथ संपन्न हो गया। भोक्ताओं ने भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना कर फूलखुंदी की। शिवभक्त सिर पर कलश में जल भर कर दहकते अंगारों पर नंगे पांव चले। रात्रि में मुरहू की दो टीमों ने छऊ नृत्य व शिव तांडव और राधा-कृष्ण लीला कर श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया। सुबह में शिवभक्तों ने बनस झूला से झूलन कर आस्था के फूल बरसाये। महिलाएं अपने आंचल में फूल लेने के लिए उमड़ पड़ीं। मौके पर रांची की मेयर रोशनी खोलखो, डिप्टी मेयर नीरज कुमार, पार्षद मीनू देवी, पार्षद मोनिका खाक्खो, वार्ड पार्षद संगीता देवी, रमेश गोप, विश्वजीत गोप आदि मौजूद थे।दूसरी ओर बूटी बस्ती में शुक्रवार को शिव मंडा पूजा का उदघाटन ललकू महतो ने किया। शिवभक्तों ने रात्रि में फूलखुंदी की। भोक्ता शनिवार को सुबह बनस झूला से आस्था के फूल बरसाये। रात्रि में राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने ऑर्केस्ट्रा का उदघाटन किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का दौर रात भर चला। मौके पर अध्यक्ष राम ओहदार, कर्म देव बैठा, नितेश महतो, अमर महतो व ग्रामीण मौजूद थे।

# मेधावी छात्रों का सम्मान, दसवीं के 50 टॉपर्स को किया गया सम्मानित

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांची:** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यालय में शनिवार को प्रदेश युवा राजद द्वारा मेधावी छात्रों के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 10वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले लगभग 50 विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करने की पहलः इस आयोजन की खास बात यह रही कि युवा राजद ने पहली बार इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करने की पहल की। समारोह के दौरान छात्रों और उनके अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

विद्यार्थियों को सम्मान करना समाज की जिम्मेदारीः कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पार्टी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। ऐसे आयोजनों से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं।

पार्टी ने हर संभव मदद का ऐलान कियाः वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएं देश और राज्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कॉलेज में नामांकन के दौरान छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और पार्टी हर संभव सहयोग करेगी। सम्मानित छात्रों में सौम्या यादव, सोनाली यादव, रुचि यादव, अमन कुमार सहित कई अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। सभी विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## कॉग्निटो एबेकस ने बच्चों की मेहनत को किया सम्मानित



**चक्रधरपुरः** कॉग्निटो एबेकस द्वारा कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों संस्कार कुमार, स्पर्श क्षितिज झा एवं देवोश्री महतो के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। ये छात्र संत जेवियर तथा मधुसूदन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी रहे हैं।

इन विद्यार्थियों ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ कॉग्निटो एबेकस, चक्रधरपुर से एबेकस कोर्स भी पूरा किया था। इस अवसर पर अभिभावकों ने बताया कि एबेकस प्रशिक्षण से बच्चों में एकाग्रता, स्मरण शक्ति तथा गणना की गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिसका सकारात्मक प्रभाव उनकी पढ़ाई और परीक्षा परिणामों में भी देखने को मिला।

सम्मान समारोह के दौरान कॉग्निटो एबेकस झारखंड की निदेशक सुहरीता रॉय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि जो बच्चे कभी छोटे-छोटे कदमों से संस्थान से जुड़े थे, आज वे शैक्षणिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।


**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गोंदा,राँची**

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०-17/2026-27**

**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :- | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :- | 09.05.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :- | 11.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :- | 11.05.2026 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :- | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :- | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of water supply, sanitary fittings & Replacement of Filter media & Misc. work at S.R. Officer's Flat Qtr. Qtr. No.-5 Dindyal Nagar, Ranchi under D.W and S. Division, Gonda, Ranchi. | 6,09,754.00 | 12,000.00 | 1250.00 | 15 दिन |
| 2 | Renovation of Toilet, bath Room, Kitchen, Improvement of water supply and sanitary fittings & Sewerage Work at B type 24/24 Audrey House Ranchi Under D.W.&S. Division Ranchi Gonda Ranchi. | 6,71,361.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 15 दिन |
| 3 | Replacement of old damaged water supply pipe line with fittings & other mislenius work at residence of D.C. Residence Campus Ranchi Morabandi, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 5,65,133.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 15 दिन |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 378888 Drinking Water and Sanitation(26-27).D



# जॉब के लिए इन चीजों की कुर्बानी कभी न दें

हम आठ से दस घंटे जॉब करते हैं और वह भी अपना पूरा सौ प्रतिशत देकर। आप भले ही अपने जॉब से कितना भी प्यार क्यों न करते हों लेकिन आपको अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सीमा बनाकर रखने की जरूरत होती है। अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारा काम, हमारा स्वास्थ्य, हमारा निजी जिंदगी प्रभावित होगी। आइए जानते हैं कि ऐसी कौन सी 5 चीजें हैं जिसे आपको अपने जॉब के लिए कभी कुर्बान नहीं करना चाहिए।

## आपका स्वास्थ्य

यह बहुत ही मुश्किल होता है कि काम के समय आप अपने स्वास्थ्य के लिए सीमा तैयार कर ले क्योंकि आपको इसके दुष्प्रभाव का अंदाज ही नहीं होता। आप तनाव का स्वागत करते हैं, नींद खो देते हैं और बिना व्यायाम के लंबे समय पर बैठकर काम करते हैं। जब तब आपको इस बारे में पता चलेगा आपकी हालत खराब हो चुकी होगी। इसलिए इस बात को सुनिश्चित कर लें कि आपकी जॉब के कारण आपके हेल्थ पर कोई गलत प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है। कोई भी जॉब ऐसी नहीं है जिसकी कीमत आपके स्वास्थ्य से बढ़कर हो।

## आपका परिवार

यह बहुत ही आसान होता है कि आपका परिवार आपके जॉब के कारण प्रभावित हो रहा हो। हममें से कई लोग यह करते हैं क्योंकि हम हमारी नौकरी को हमारे परिवार का चलाने का साधन मानते हैं। आप यह सोचते हैं कि बच्चों को अच्छे कॉलेज-स्कूल में पढ़ाना है तो मुझे ज्यादा पैसा कमाना होगा। बस फिर क्या आप परिवार के साथ क्वॉलिटी टाइम भी नहीं बिता पाते। आप ऐसी कई मेमोरिज मिस कर देते हैं जो आपके परिवार को खुशियां देती है।

## आपका विवेक

वह जॉब जो आपके विवेक का एक छोटा सा हिस्सा भी ले ले तो यह आपके लिए अच्छा नहीं है। आपका विवेक कुछ ऐसा है कि इसे आपको ही मॉनिटर करना होगा और खुद को हेल्दी रखने के लिए सीमाएं तय करनी होगी।

## आपकी पहचान

जब आपका काम आपकी पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है तो यह खतरनाक साबित हो सकता है कि आपकी पूरी पहचान केवल आपका काम ही हो। अपनी पहचान के बाहर का काम कर के आपको सुखद एहसास होगा। यह आपके तनाव दूर करने में मदद करेगा और एक व्यक्ति के रूप में विकास करने में मददगार साबित होगा।

## आपके संपर्क

आपके संपर्क आपकी मेहनत और प्रयास का उत्पाद है। किसी भी जॉब की खातिर आप अपने अच्छे संपर्क सूत्रों से मुंह नहीं मोड़ सकते हैं।



# समृद्ध सामाजिक जीवन हेतु समाज को सक्षम बनाने के लिए उपयोगी है गृह विज्ञान

**गृह विज्ञान का उद्देश्य नित्य परिवर्तनशील समाज में घर, सामाजिक तथा पारिवारिक जीवन के कल्याण और स्वास्थ्य को बनाए रखना है। गृह प्रबंधन के लिए कौशल एवं वैज्ञानिक ज्ञान अपेक्षित होता है जो मात्र घर के कार्यकलापों तक सीमित नहीं होता बल्कि यह एक चुनौतीपूर्ण व्यवसाय का आधार भी बनता है। गृह विज्ञान पाठ्यक्रम का उद्देश्य न केवल बेहतर गृह प्रबंध से जुड़ा हुआ है, बल्कि यह समृद्ध सामाजिक तथा पारिवारिक जीवन के लिए विशेषज्ञ परामर्श देने हेतु समाज को सक्षम बनाने के लिए उपयोगी है।**

वर्तमान समय में होम साइंस अर्थात गृह विज्ञान विषय बहुत व्यापक हो गया है, इसे अब केवल खाना बनाने में दक्षता वाला क्षेत्र ही नहीं माना जाता अपितु गृह-कार्यों को श्रेष्ठता से सम्पन्न करने वाला विज्ञान माना जाने लगा है। होम साइंस एक अंतरविषयी क्षेत्र है, जिसमें कई विषय सम्मिलित हैं। होम साइंस में जीव विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, शरीर विज्ञान, स्वास्थ्य, अर्थशास्त्र, ग्रामीण विषय, सामाजिक एवं परिवार संबंध, बाल विकास, खाद्य एवं पोषण, परिधान डिजाइन, पहनावा, मानव विकास संसाधन, गृह प्रबंधन, गृह सज्जा, प्रदर्शनी एवं प्रदर्शन कला, ब्यूटी कल्चर, गृह प्रबंध, फैशन मैनेजमेंट, शिशु देखभाल, भोजन प्रबंध, टेक्सटाइल एंड क्लोथिंग, पोषण इत्यादि विषय समाहित हो गए हैं और यह विषय बदलते वक्त की आवश्यकता बन गया है। इस विषय का ज्ञान रखने वाले युवा बेहतर कॅरियर बना सकते हैं।

गृह विज्ञान का उद्देश्य नित्य परिवर्तनशील समाज में घर, सामाजिक तथा पारिवारिक जीवन के कल्याण और स्वास्थ्य को बनाए रखना है। गृह प्रबंधन के लिए कौशल एवं वैज्ञानिक ज्ञान अपेक्षित होता है जो मात्र घर के कार्यकलापों तक सीमित नहीं होता बल्कि यह एक चुनौतीपूर्ण व्यवसाय का आधार भी बनता है। गृह विज्ञान पाठ्यक्रम का उद्देश्य न केवल बेहतर गृह प्रबंध से जुड़ा हुआ है, बल्कि यह समृद्ध सामाजिक तथा पारिवारिक जीवन के लिए विशेषज्ञ परामर्श देने हेतु समाज को सक्षम बनाने के लिए उपयोगी है। गृह विज्ञान प्रकृति में अधिकांशतः वैज्ञानिक है और इसलिए विश्लेषिक मस्तिष्क एवं वैज्ञानिक कुशाग्र बुद्धि होना इस विषय में कॅरियर बनाने हेतु आवश्यक है। इस क्षेत्र में एक व्यावहारिक सोच, सौंदर्यपरक, सृजनशील तथा युक्तिसंगत अभिवृत्ति होना अपेक्षित है।

गौरतलब है कि गृह विज्ञान 10 +2 स्तर पर एक विषय के रूप में लिया जा सकता है। गृह विज्ञान में शिक्षा चार चरणों में डिप्लोमा डिग्री, स्नातकोत्तर डिग्री और डॉक्टरेट स्तर पर प्रदान की जाती है। होम साइंस में बेहतर कॅरियर बनाने के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम करने आवश्यक हैं। हालांकि एक विषय के रूप में होम साइंस स्कूलों में पढ़ाया जाता है, परंतु यह होम साइंस का बहुत सूक्ष्म रूप होता है जो केवल विषय की सतही जानकारी ही देता है। इसके अलावा कई विश्वविद्यालय होम साइंस में डिप्लोमा भी कराते हैं, जो एक वर्षीय या दो वर्षीय अवधि के होते हैं। जो विद्यार्थी होम साइंस को स्नातक स्तर पर चुनना चाहते हैं, उनके लिए यह आवश्यक है कि उन्होंने इस विषय को 12वीं तक पढ़ा हो। यह पाठ्यक्रम कला एवं विज्ञान दोनों विषयों के साथ उपलब्ध है। आप बीएससी होम साइंस, होम इकोनॉमिक्स, एप्लाइड न्यूट्रीशन, ह्यूमन न्यूट्रीशन, खाद्य व तकनीक, हेल्थ एंड न्यूट्रीशन, फूड टेक्नोलॉजी, फूड सर्विसेज से तथा होम साइंस से बीए कर सकते हैं।

गृह विज्ञान में डिप्लोमा पाठ्यक्रम एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई में चलाया जा रहा है। ग्रेजुएशन स्तर पर आप बीएससी (ऑनर्स) या बीए (गृह विज्ञान) या गृह विज्ञान स्नातक (बीएचएससी) डिग्री चुन सकते हैं। गृह विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में स्नातक या स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी किया जा सकता है। जादवपुर विश्वविद्यालय एक वर्षीय अवधि का बीएड (गृह विज्ञान) पाठ्यक्रम चलाता है। जो अपनी किस्म का एकमात्र पाठ्यक्रम है। कई विश्वविद्यालयों में एमफिल तथा डॉक्टोरल (पीएचडी) पाठ्यक्रम की सुविधा भी उपलब्ध है।

पूर्णकालिक एमफिल पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष है, जबकि अंशकालिक पाठ्यक्रम में दो वर्ष अध्ययन करना होता है। पीएचडी पाठ्यक्रम तीन से चार वर्षों में पूरा किया जा सकता है। इस क्षेत्र में कॅरियर चुनने वाले व्यक्ति को यथार्थवादी सोच सहित तार्किक बुद्धि एवं संतुलित मनोवृत्ति वाला होना चाहिए। कलात्मक कल्पना के साथ सृजनशीलता होना भी इस क्षेत्र में आवश्यक है। होम साइंस रोजगार की दृष्टि से एक अत्यंत उपयोगी विषय है। इससे स्नातक एवं स्नातकोत्तर करने के उपरांत न केवल सरकारी तथा प्रायवेट क्षेत्र में नौकरियाँ हासिल की जा सकती हैं, बल्कि कई प्रकार के स्वरोजगार की प्रारंभ किए जा सकते हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा नेट/पीएचडी आदि के उपरांत अध्यापन का पेशा भी अपनाया जा सकता है। गृह विज्ञान विषय से स्नातक कोर्स करने के उपरांत सामुदायिक एवं सामाजिक कार्य के क्षेत्रों तथा गैर सरकारी संगठनों, अस्पतालों में खाद्य एवं पोषण से जुड़े कार्यों तथा खाद्य सेवाओं में कॅरियर बनाया जा सकता है। विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों में एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर, प्रोफेसर के रूप में अध्यापन व्यवसाय में कार्य ग्रहण करने के अलावा शिक्षा अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, मनोवैज्ञानिक तथा अनुसंधानकर्ता के रूप में भी अवसर हैं। गृह विज्ञान के छात्र पोषण सलाहकार, अनुसंधान सहायक, खाद्य वैज्ञानिक, खाद्य विश्लेषक तथा पारिवारिक सलाहकार के रूप में भी कार्य कर सकते हैं। खाद्य उत्पादों, शिशु आहार तथा खाद्य उत्पादों के विक्रय एवं संवर्धन के क्षेत्र में भी कॅरियर के विकल्प हैं। कुछ अन्य क्षेत्र जिनमें होम साइंस के विशेषज्ञ कॅरियर बना सकते हैं, वह इस प्रकार हैं-



### केटरिंग के क्षेत्र में कॅरियर

गृह विज्ञान में स्नातक या स्नातकोत्तर करने के उपरांत केटरिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाया जा सकता है। केटरिंग का कार्य कुछ विशेष स्थानों जैसे स्कूल एवं अस्पतालों में किया जा सकता है। इनके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के संस्थानों एवं कार्यालयों में कैंटीन चलाने में भी यह पाठ्यक्रम बहुत लाभप्रद है। प्रशिक्षित व्यवसायी उन व्यक्तियों के लिए भी केटरिंग सेवाएँ जैसे भोजनालय या टिफिन सेंटर संचालित कर सकते हैं जो कारखानों एवं कार्यालयों में कार्य करते हैं तथा भोजन की, विशेष रूप से दोपहर के भोजन की व्यवस्था नहीं कर सकते या व्यवस्था करने का समय नहीं होता है।

### बेकरी एवं कन्फेक्शनरी के क्षेत्र में कॅरियर

गृह विज्ञान स्नातक या स्नातकोत्तर व्यक्ति कन्फेक्शनरी, आइसक्रीम पार्लर अथवा बेकरी आसानी से चला सकते हैं। वे अपने निजी ऐसे उत्पादों को भी विकसित करने के लिए अभिनव कौशल का प्रयोग कर सकते हैं जो अधिक पोषक हों और पुराने उत्पादों से भिन्न हों।

### डे केयर सेंटर के रूप में कॅरियर

नौकरी करने वाली महिलाओं को परिवार से बाहर शिशु देखरेख की आवश्यकता होती है। जिन बच्चों को 12 वर्ष की आयु का होने तक वयस्कों द्वारा देखरेख किए जाने की आवश्यकता होती है और जिन्हें घर पर अकेले नहीं छोड़ा जा सकता, उनके लिए गृह विज्ञान के विशेषज्ञ डे केयर सेन्टर, क्रेच, नर्सरी स्कूल एवं ऑफ्टर स्कूल सेंटर जैसी चाइल्ड हुड केयर यूनिट चला सकते हैं। इसके अलावा वृद्धाश्रम का भी संचालन किया जा सकता है।

### पुनर्वास केन्द्र के रूप में कॅरियर

होम साइंस स्नातक कम समझ वाले बच्चों के लिए पुनर्वास केन्द्र संचालित कर सकते हैं। ये केन्द्र समाज के लिए न केवल एक सेवा होगी, बल्कि इनसे उनके तथा अन्य व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजन में भी सहायता मिलेगी।

### हॉबी सेंटर के रूप में कॅरियर

गृह विज्ञान के विशेषज्ञ ऐसे हॉबी सेंटर चला सकते हैं जहाँ सजावटी वस्तुएँ, खिलौने, डिजाइनर मोमबत्ती, रंगोली, आभूषण डिजाइनिंग, पेंटिंग तथा घरेलू बेकार सामग्रियों से उपयोगी वस्तुएँ बनाना सिखाया जाता है।

### ब्यूटी पार्लर के रूप में कॅरियर

आप ब्यूटी पार्लर के क्षेत्र में भी कॅरियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में आप त्वचा तथा बालों की देखभाल संबंधी सेवाएँ दे सकते हैं।

वैश्वीकरण के वर्तमान दौर में होम साइंस एक अच्छा कॅरियर प्रदान करने वाला क्षेत्र है। इस क्षेत्र में आपका वेतन आपकी योग्यताओं तथा अनुभव पर निर्भर करेगा।





# किस तरह क्वॉलिफाई कर सकते हैं सीसैट

**युवाओं में सिविल सर्विसेज की प्रिलिम्स, यानी सीसैट (सिविल सर्विसेज एप्टिट्यूड टेस्ट) बहुत मायने रखती है। अगर आपमें पैशन है, तो आप इस परीक्षा में अपनी योग्यता दिखाकर अच्छे अंक पा सकते हैं। जानते हैं सी-सैट सहित सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित कुछ सामान्य सवालों के जवाब।**

### सीसैट की तैयारी में कितना समय लगता है

सीसैट (प्रिलिम्स) में 2 ऑब्जेक्टिव टाइप सेक्शन होते हैं। पहला पेपर जनरल स्टडीज का और दूसरा पेपर एप्टीट्यूड टेस्ट का होता है। अगर उम्मीदवार प्रिलिम्स की तैयारी कर रहा है, तो उसे दोनों यानी जनरल स्टडीज पेपर 1 और जीएस मेन्स की तैयारी साथ में ही करनी चाहिए। जहां तक समय का सवाल है, तो प्रिलिम्स की तैयारी के लिए 6 से 8 महीने का समय लग जाता है। अगर उम्मीदवार सही तरीके से तैयारी करे, तो वह जीएस मेन्स का 60 से 70 प्रतिशत भाग कवर कर सकता है। इसके अलावा नोट्स बनाने भी बहुत जरूरी हैं। आपको सिलेक्शन पाने के लिए कुछ हटकर करना पड़ेगा।

### सीसैट व मेन्स का जीएस पेपर क्या एक-दूसरे से किसी तरह संबंधित हैं?

शायद ही इन दोनों में कुछ कॉमन हो। फिर भी, अगर हम इसकी गहराई में जाएं, तो एक संबंध देख सकते हैं कि अगर किसी उम्मीदवार की जीएस बहुत अच्छी है, तो यह उसे रीडिंग काम्प्रिहेंशन सेक्शन में मदद कर सकती है, जिससे सीसैट में कम से कम 40 से 60 प्रतिशत प्रश्न पूछे जाते हैं।

### सीसैट पेपर 1 और 2 के लिए विद्यार्थियों की क्या रणनीति होनी चाहिए?

**पेपर 1** - इसके लिए सबसे जरूरी यह है कि उम्मीदवार एनसीईआरटी की पुस्तकों को बहुत अच्छे-से पढ़े। कक्षा 6 से 12 तक की हिस्ट्री, सिविक्स और जिओग्रॉफी को अच्छे से पढ़ें। कक्षा 9 से 12 तक की इकोनॉमिक्स का गहराई से अध्ययन करें और कक्षा 11 व 12 की सोशलॉजी पर फोकस करें। एनसीईआरटी बुक्स के साथ-साथ आपको एक अच्छा अखबार भी नियमित रूप से पढ़ना चाहिए। इसके अलावा वार्षिक बुक भी अच्छे से पढ़ें। आपको इकोनॉमिकल और पॉलिटिकल साप्ताहिक मैगजीन भी पढ़नी चाहिए।

**पेपर 2** - इसके लिए आपको कक्षा 7 से 10 तक की मैथ्स पर बहुत अच्छा कमांड होना चाहिए। इसके अलावा रीजनिंग का बेसिक ज्ञान भी अच्छा होना चाहिए।

### करंट अफेयर्स के तहत किस तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं?

जहां तक प्रिलिम्स का सवाल है, कुछ साल पहले तक करंट अफेयर्स से काफी प्रश्न पूछे जाते थे, लेकिन पिछले 2-3 सालों से इन प्रश्नों में कुछ कमी आई है। एक बात का हमेशा ध्यान रखें कि सिविल सर्विसेज एग्जाम का कोई स्पष्ट ट्रैंड नहीं होता है। करंट अफेयर्स के प्रश्न सीसैट में नहीं पूछे जाते, बल्कि मेन्स में पूछे जाते हैं। इसीलिए उम्मीदवारों को अपने आसपास की घटनाओं से अपडेट रहना चाहिए।

### सीसैट में एक सामान्य विद्यार्थी की सफलता की कितनी संभावना होती है?

2025 में लगभग 5 लाख उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए बैठे थे, जिसमें 3.7 प्रतिशत ही सीसैट क्रैक कर पाए, जबकि करीब 80 प्रतिशत उम्मीदवार ऐसे भी थे, जो बहुत आश्वस्त थे अपने चयन को लेकर मगर वे प्रिलिम्स तक नहीं क्वॉलिफाई कर पाए। वास्तव में प्रतिस्पर्धा 20 प्रतिशत उम्मीदवारों के बीच ही थी। पिछले 5-6 साल से सक्सेस रेट 3-6 प्रतिशत रहा है। सीसैट कठिन तो है पर असंभव नहीं है। एक सामान्य विद्यार्थी भी कड़ी मेहनत करके सीसैट क्वॉलिफाई कर सकता है।

### क्या सीसैट क्वॉलिफाई करने के लिए कोचिंग जरूरी है?

कोचिंग जरूरी तो नहीं है, फिर भी अगर आप कोई कोचिंग ज्वॉइन करना चाहते हैं, तो बहुत सोच-समझकर ऐसा करें और हो सके तो उसी से मार्गदर्शन लें, जिसने खुद यह परीक्षा दी हो। कारण यह कि कई कोचिंग संस्थानों में फैकल्टी अच्छी नहीं होती।

### सीसैट में सफलता का मुख्य सूत्र क्या है?

सबसे जरूरी बात तो यह है कि उम्मीदवारों का कॉन्सेप्ट बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए। कॉन्सेप्ट क्लीयर हो, तो सी-सैट मुश्किल नहीं। सभी विषयों पर मेहनत करें। किसी विषय को नजरअंदाज न करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 website : www.metrorays.in
email : metrorays.ranchi@gmail.com

न्यूज IN ब्रीफ

## शेरशाहबादी समाज का जागरूकता अभियान तेज निकाली गई बाइक रैली



**साहिबगंज :** बरहरवाःप्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शेरसाहबादी समाज के युवाओं ने जागरूकता अभियान चलाया।मिली जानकारी के अनुसार शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर आगामी 04 मई को बरहरवा प्रखंड परिसर में आयोजित होने वाली अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के समर्थन में शनिवार को शेरशाहबादी डेवलपमेंट सोसाइटी के सदस्यों द्वारा व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया।इस क्रम में संगठन के सदस्यों ने बाइक रैली निकालकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया।बाइक रैली श्रीकुंड, पलाशबोना अगलोई,हस्तीपाड़ा, जमालपुर, हरिहरा महाराजपुर,रूपसपुर,कांकजोल समेत दर्जनों गांवों से होकर गुजरी,जहां समाज के लोगों को आगामी 4 मई से शुरू होने वाले धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। रैली के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखा गया और लोगों ने आंदोलन को समर्थन देने का भरोसा जताया।विदित हो कि बरहरवा प्रखंड में शेरशाहबादी समुदाय की बड़ी आबादी निवास करती है।जो सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ी हुई है।पूर्व में इस समुदाय के लोगों को अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के तहत जाति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाते थे,जिससे उन्हें शिक्षा,रोजगार एवं सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता था।लेकिन पिछले लगभग 14 वर्षों से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करना बंद कर दिया गया है,जिसके कारण समुदाय के युवाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।संगठन के सदस्यों का कहना है कि इस मुद्दे को लेकर वे लंबे समय से आंदोलनरत हैं,बावजूद इसके अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।ऐसे में अब 4 मई से प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर मेंअनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जो मांग पूरी होने तक जारी रहेगा।संगठन ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है कि वे इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें,ताकि समुदाय को उसका हक मिल सके।मौके पर आजमाइल शेख, इंतखाब आलम,फहीम शेख, नईम अख्तर,आफताब आलम,शाहीन अख्तर सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## जिस गंगा जल से हम पूजा करते हैं उसी में गंदगी करना अनुचित है : डॉ. रणजीत




**साहिबगंज :** निर्मल गंगा अविरल गंगा के संकल्प को साकार करने हेतु राष्ट्रीय गंगा मिशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रह्लाद रॉय गोयनका की प्रेरणा से एवं मॉडल कॉलेज राजमहल के संयुक्त तत्वावधान में गंगा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान में नगर परिषद साहिबगंज की सक्रिय सहभागिता रही।यह कार्यक्रम 3 मई को प्रातः 06:30 बजे मुक्तेश्वर धाम गंगा घाट, साहिबगंज में प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं व स्थानीय नागरिकों ने पहले गंगा घाट की सफाई किया श्रमदान कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंगा तट की सफाई, जलीय जीवों का संरक्षण और जल प्रदूषण के प्रति शिक्षित, जन-जागरूकता फैलाना था। जबकि शिक्षा केंद्र निदेशक अनिकेत कुमार सिंह, सिटी मैनेजर रवि कुमार, वार्ड पार्षद रंजीत प्रसाद साहा, डॉ. रणजीत कुमार सिंह, डॉ. रमजान अली, डॉ. अमित कुमार कार्यक्रम पदाधिकारी मॉडल कॉलेज राजमहल व डॉ. शैलेश कुमार मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने गंगा तट की सफाई करते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिया कि गंगा में कचरा, प्लास्टिक एवं पूजन सामग्री प्रवाहित न करें। जल संरक्षण को जीवन का आधार मानते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छ जल ही जलीय जीवों के संरक्षण का मूल आधार है। डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि घाट पर कई श्रद्धालु साबुन, शैम्पू, दातून तथा कपड़े साफ करते देखे गए, जिनके दुष्प्रभावों के बारे में छात्रों द्वारा उन्हें जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि गंगा हमारी माँ है।इसलिए हमें माँ के समान ही उसका सम्मान करना चाहिए। जिस गंगा जल से हम पूजा करते हैं। उसी में गंदगी करना अनुचित है।

कार्यक्रम में निम्नलिखित छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रहीः प्रिया कुमारी, निती कुमारी, अंकिता दास, रोश परवीन, नेहा कुमारी, आशिया परवीन, मधु कुमारी, रजनी कुमारी, इशा कुमारी, बबली कुमारी, चांदनी कुमारी, घंटी कुमारी , निशा कुमारी,सचिन कुमार ,जय कुमार एवं आदेश कुमार ।यह सफल आयोजन समाज में स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि गंगा की स्वच्छता हेतु यह अभियान निरंतर जारी रखा जाएगा।

## चरही में महिला से बाइक सवार उचक्कों ने पैसों का थैला छीनकर फरार

**चुरचू :** चरही थाना क्षेत्र के आकाशगंगा मार्केट स्थित बैंक ऑफ इंडिया, चरही शाखा से शनिवार को दो महिलाएं पैसे निकालकर मिशन स्कूल में बच्चों से भेंट करने जा रही थीं। तभी स्कूल के समीप सड़क पर पहले से घात लगाए बाइक सवार दो उचक्कों ने महिला से पैसों का थैला झपट लिया और हजारीबाग की ओर फरार हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना लगभग तीन बजे की है। दोनों महिलाएं बैंक ऑफ इंडिया से पैसे निकालकर सड़क पार कर मिशन स्कूल में बच्चों से मिलने जा रही थीं, तभी यह घटना घटी। जानकारी के अनुसार, दोनों महिलाएं रौशन महिला विकास संघ, चुरचू के चीचीकाला सिंघानिया की रहने वाली हैं।

इनमें आरती देवी, पति मनोज ठाकुर एवं मंजू देवी, पति गणेश महतो शामिल हैं। दोनों महिलाएं बैंक ऑफ इंडिया से समिति का 50 हजार 500 रुपये निकालकर बच्चों से भेंट करने मिशन स्कूल जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने महिला के हाथ में पकड़ा पैसों का थैला छीन लिया और फरार हो गए। इस संबंध में भुक्तभोगी महिलाओं ने चरही थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# सभी उपकरणों की शीघ्र मरम्मति सुनिश्चित करने आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश : उपयुक्त

### जिले के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दूबे द्वारा आज राजमहल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम उन्होंने अनुमंडल अस्पताल, राजमहल का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने चिकित्सा प्रभारी से अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों एवं पारा चिकित्सा कर्मियों के स्वीकृत एवं कार्यरत बल की जानकारी ली। एमओआईसी द्वारा अवगत कराया गया कि अस्पताल में मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम का प्रत्येक वार्ड में विस्तार आवश्यक है।साथ ही डिजिटल एक्स-रे मशीन की उपलब्धता होने पर स्वास्थ्य सुविधाएं और भी बेहतर ढंग से मरीज को उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस संदर्भ में उपायुक्त ने तत्काल प्राक्कलन बनाकर समर्पित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान दवाइयों की उपलब्धता, टीकाकरण व्यवस्था, पुरुष एवं महिला वार्ड, ड्रग स्टोर, पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड, सामान्य ओपीडी, दंत विभाग एवं इमरजेंसी वार्ड सहित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने तथा अस्पताल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी जायजा लिया और आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा सुधार के निर्देश उपयुक्त द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय राजमहल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की स्वयं जांच की और दैनिक मेन्यू की जानकारी प्राप्त की।उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति, घंटी आधारित शिक्षकों की उपस्थिति, छात्राओं की उपस्थिति रजिस्टर एवं बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा की, साथ ही खेलकूद की भी जानकारी और निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपलब्ध सोलर पैनल, कंप्यूटर सिस्टम एवं टेलीविजन खराब पाए गए। डाइनिंग टेबल की अनुपलब्धता भी पाई गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी उपकरणों की शीघ्र मरम्मति सुनिश्चित करने आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।छात्राओं से संवाद के दौरान यह जानकारी मिली कि कक्षा 9 से 12 तक के लिए कृषि विषय के पाठय-पुस्तकों की कमी है। इस पर उपायुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को तत्काल पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।विद्यालय परिसर से जल निकासी की समस्या को देखते हुए उन्होंने शीघ्र सोक पिट निर्माण हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया।विकास योजनाओं एवं आजीविका गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा राजमहल में आवासीय सुविधा युक्त कौशल विकास केंद्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। संबंधित एजेंसी को निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त सूर्य देव घाट एवं रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में सेल्फ एम्प्लॉयमेंट एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु आर्ट एंड क्राफ्ट मार्केटप्लेस के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया ।उपायुक्त ने मद से निर्माणधीन उत्क्रमित +2 विद्यालय मंगलहाट में अतिरिक्त छह वर्ग कक्षाओं के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उपस्थित अभियंता द्वारा बताया गया कि भवन का निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है तथा अगले दो माह में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ग्रीष्मावकाश समाप्ति के पूर्व अच्छी गुणवत्ता के साथ भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर हस्तांतरित किया जाए। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय के पुराने जर्जर भवन को अबतक ध्वस्त नहीं किए जाने पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता एवं अनुमंडल पदाधिकारी से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया कि अगर भवन का किया जा चुका है।तो अब तक बच्चों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से भवन को ध्वस्त क्यों नहीं किया गया है। वहीं जेएस एलपीएस के अंतर्गत एनआरएलएम परियोजना के तहत गठित महिला आजीविका समूहों द्वारा संचालित मल्लाही टोला स्थित हार्डनिंग सेंटर मुर्गी एवं बत्तख चूजा पालन एवं बर्ड लेयर युनिट अंडा उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया गया। शिव शक्ति आजीविका सखी मंडल द्वारा अंडा उत्पादन बढ़ाने एवं महिलाओं की आय वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा व आजीविका सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

## तेज आंधी में पेड़ गिरने से दुकान क्षतिग्रस्त नगर परिषद अध्यक्ष के प्रयास से मिला मुआवजा



संवाददाता

**साहिबगंज :** बीते शुक्रवार की रात आए तेज आंधी-तूफान ने नगर परिषद क्षेत्र के चौक बाजार में एक दुकान को भारी नुकसान पहुंचा दिया।अचानक आई तेज हवाओं के कारण एक पुराना पेड़ जड़ से उखड़कर सीधे दुकान पर गिर पड़ा,जिससे दुकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और सामान को भी नुकसान पहुंचा।घटना की सूचना मिलते ही शनिवार की सुबह नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए नगर परिषद की टीम को निर्देशित किया और अपनी उपस्थिति में ही गिरे हुए पेड़ को हटाने का कार्य शुरू करवाया।कुछ ही घंटों में रास्ता साफ कर दिया गया,जिससे बाजार की सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू हो सकीं।इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान ने कहा कि,ह्लप्राकृतिक आपदा को टाला नहीं जा सकता,लेकिन प्रशासन की जिम्मेदारी है कि ऐसी स्थिति में त्वरित राहत पहुंचाई जाए।हमने प्राथमिकता के आधार पर पेड़ हटवाया और पीड़ित दुकानदार को हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास किया है।आगे भी नगर परिषद नागरिकों के साथ खड़ी रहेगी।ह्ववहीं,पीड़ित दुकानदार ने नगर परिषद अध्यक्ष के त्वरित हस्तक्षेप के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा,ह्लरात में अचानक पेड़ गिरने से काफी नुकसान हुआ था और हम बेहद परेशान थे।लेकिन सुबह ही अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और तुरंत मदद की।उन्होंने न सिर्फ पेड़ हटवाया बल्कि मुआवजा भी दिलवाया इसके लिए मैं उनका दिल से धन्यवाद करता हूं।ह्वअध्यक्ष के इस त्वरित और संवेदनशील कार्य की चौक बाजार के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की।लोगों का कहना है कि प्रशासन की सक्रियता से बड़ी परेशानी टल गई और बाजार की रौनक जल्दी लौट आई।

## भाजपा का प्रत्येक माह की 1 से 7 तारीख तक मंडल स्तर पर होगी बैठक



संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आह्वान पर पूरे देश में संगठनात्मक मजबूती हेतु प्रत्येक माह की 1 से 7 तारीख तक मंडल स्तर पर बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।इसी क्रम में साहिबगंज नगर में भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक नगर अध्यक्ष विनोद चौधरी के नेतृत्व में संपन्न हुई।बैठक में संगठन के सुदृढ़ीकरण,आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और कार्यकताओं के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा, जिला अध्यक्ष गौतम यादव,जिला मंत्री चांदनी देवी,नगर महामंत्री विक्रम दास, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह,नगर उपाध्यक्ष संगीता सिंह,डोली शर्मा,आदित्य ठाकुर, प्रकाश पंडित,चेतन शर्मा,आशीष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में सभी कार्यकताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

## आवासीय बालक फुटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के लिए द्वितीय और अंतिम चरण का ट्रायल संपन्न

**साहिबगंज :** खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निदेश के आलोक में जिला खेल कार्यालय साहिबगंज द्वारा नव सृजित आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के लिए 28 अप्रैल को सिंगा मैदान बरहेट में 115 खिलाड़ियों में चयन उपरांत पुनः सिद्धो कान्हू स्टेडियम, साहेबगंज में 50 खिलाड़ियों के बीच दो दिवसीय द्वितीय एवं अंतिम चरण का फुटबॉल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता एन एस टी सी विधि द्वारा खिलाड़ियों के शारीरिक, मानसिक एवं स्किल से संबंधित ट्रायल 01 एवं 02 मई को किया सिद्धो कान्हु स्टेडियम में आयोजित किया गया।जिसमें अंतिम रूप से 25 और 07 प्रतीक्षारत खिलाड़ियों का चयन किया गया। स्टेडियम में संचालित अनुमंडल खेल बैंक के सहयोग से खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर अथिति जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नू मिश्रा, कोच योगेश यादव, अशोक कुमार, खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग जूनियर टी-20 टूर्नामेंट का चैंपियन बना संत जेवियर स्कूल

### जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ने विजेता व उपविजेता को किया पुरस्कृत




संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वधान में सिदो कान्हू स्टेडियम में पहली बार हुए डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग जूनियर टी-20 टूनामेंट का शुक्रवार को फाइनल खेला गया। फाइनल में संत जेवियर ए बनाम बोरियो सुपर किंग के बीच मुकाबला हुआ। टॉस जीत कर संत जेवियर स्कूल ने पहले गेंदबाजी की। जबकि बोरियो सुपरकिंग पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.3 ओवर में 61 रन बना कर ऑल आउट हो गई। एक मात्र आदित्य ने सर्वाधिक 24 रन की पारी खेली। संत जेवियर के गेंदबाज सूरज राज ने 5, अनुराग ने 2, मो जुनैद व अमूल कुमार ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर की टीम ने बिना विकेट गंवाए 9.2 ओवर में 65 रन बना कर 10 विकेट से जीत हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अमूल ने नाबाद 31 व आदित्य ने नाबाद 25 रन की पारी खेली। संत जेवियर के खिलाड़ी सूरज राज को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ने विजेता टीम संत जेवियर स्कूल ए एवं उपविजेता बोरियो सुपर किंग को पुरस्कृत किया।

मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले संत जेवियर ए के खिलाड़ी सूरज राज को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। अतिथि डॉ विजय ने सूरज राज को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया।वहीं टूनामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बोरियो सुपर किंग के खिलाड़ी आदित्य मंडल को 15 विकेट लेने व 228 रन बनाने के लिए मैन ऑफ दी सीरीज चुना गया। अतिथि जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा ने आदित्य मंडल को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया।बेस्ट बैट्समैन के रूप से संत जेवियर के खिलाड़ी आदित्य ज्ञान का चयन किया गया। उन्होंने टूनामेंट में 280 रन बनाए।अतिथि बास्की यादव ने आदित्य ज्ञान को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। वहीं बोरियो सुपरकिंग के खिलाड़ी आदित्य मंडल को टूनामेंट में 15 विकेट लेने पर बेस्ट बॉलर चुना गया। अतिथि चतुरानंद पांडेय ने आदित्य मंडल को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। टुनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम को बेहतर प्रबंधन के लिए मुख्य अतिथि ने मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। वहीं जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा ने पहली बार हुए इस टूनामेंट में फील्ड मैनेजमेंट के लिए अंकित पासवान को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया।

मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम, श्याम रंजन तिवारी जबकि स्कोरिंग मो अनाउल्लाह ने किया। मौके पर अशोक चौधरी, डॉ कमल महावर, सुरेश साह, जाहिद खान, जयप्रकाश सिन्हा, गोपाल चोखानी, राकेश गुप्ता, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, अमित तिवारी, सुधीर राणा, पुण्य गौरव, मो हयात, तारिक अनवर, चंदन यादव, पीयूशम सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



# बाहरी दिखावे की जरूरत नहीं : संदीपा धर

**आज** के समय में सुंदर दिखने की होड़ ने आम लोगों से लेकर सितारों तक को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। परफेक्ट फिगर पाने के लिए डाइटिंग, जिम और खाने-पीने पर सख्त पाबंदियां अब जीवन का हिस्सा बन चुकी है। इसी मुद्दे को हालिया रिलीज फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में दिखाया गया है। फिल्म में अभिनेत्री संदीपा धर ने 'नैना' नाम की लड़की का किरदार निभाया है, जो सोशल मीडिया और समाज के दबाव में परफेक्ट दिखने की कोशिश में अपनी असली पहचान खो देती हैं। मंगलवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक सीन पोस्ट किया। इस वीडियो में वे खूबसूरत और परफेक्ट बनने के सफर को बयां करती हैं। वे कहती हैं कि उन्हें ठीक से याद तक नहीं है कि आखिरी बार उन्होंने पेट भरकर खाना कब खाया था। अभिनेत्री ने वीडियो पोस्ट कर लिखा, 'मुझे नैना के इस सीन के लिए आप सभी के ढ़ेर सारे मैसेज मिल रहे हैं। नैना का इस कदर टूटना उस झूठ का नतीजा है, जो हमें बचपन में सिखाया गया है। हमें बताया गया है कि हम तभी बेहतर कहलाएंगे, जब हम 5 किलो वजन कम कर लेंगे, जब हमें प्रमोशन मिल जाएगा या जब हम पूरी तरह परफेक्ट दिखेंगे। '

# वरुण धवन ने केजीएफ फेम यश का जताया आभार



**सुपरस्टार और केजीएफ फेम यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज डेट एक बार फिर से टाल दी गई। इस फैसले के बाद अब वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट में बदलाव किया गया।**

दरअसल, पहले 'टॉक्सिक' को 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। इसी वजह से 'है जवानी तो इश्क होना है' के निर्माताओं ने अपनी फिल्म की रिलीज पहले कर दी थी और इसे 22 मई को लाने का फैसला लिया था। माना जा रहा था कि दोनों फिल्मों की रिलीज एक-दूसरे के बेहद करीब होने से बॉक्स ऑफिस पर असर पड़ सकता है। लेकिन अब जब 'टॉक्सिक' की रिलीज आगे बढ़ा दी गई है, ऐसे में वरुण धवन की फिल्म को फिर से पुरानी रिलीज डेट 5 जून पर लाया गया है। फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आने के बाद वरुण धवन ने भी सोशल मीडिया के जरिए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने अपनी फिल्म के दो नए पोस्टर साझा किए। इन पोस्टरों में उनका अलग अंदाज दिखाई दे रहा है। पोस्ट साझा करते हुए वरुण धवन ने बताया कि उनकी फिल्म अब 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके साथ ही उन्होंने यश और मैडॉक फिल्म्स का आभार जताया। वरुण ने कैप्शन में लिखा, 'है जवानी तो इश्क होना है' 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यश और मैडॉक फिल्म्स का धन्यवाद जिन्होंने हमारी फिल्म की रिलीज डेट तय करने में मदद की। अब यह फिल्म अपनी तय तारीख पर ही रिलीज होगी।
आईपीएल के बाद रिलीज होने वाली यह पहली फिल्म है। हालांकि रिलीज डेट बदलने के बाद अब 'है जवानी तो इश्क होना है' के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। अब 5 जून को इसकी सीधी टक्कर बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' से होगी। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया है।

**शाहरूख की रेड चिलीज ने**

# सलमान के साथ तगड़ा खेल कर दिया! लोग बोले- ये उम्मीद नहीं थी

**बेशक** सलमान खान इस वक्त वामशी पेडिपल्ली के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं. पर 'मातृभूमि' का भी लोगों को बेसब्री से इंतजार है, जिसकी रिलीज डेट कब फाइनल होगी, खुद भाईजान भी नहीं जानते हैं. पर यह शाहरुख खान की कंपनी रेड चिलीज वालों ने क्या कर दिया. VFX दिखाने के चक्कर में 'सिकंदर' के बहाने सलमान को ही ट्रोल कर दिया. सलमान की अगली फिल्म 'मातृभूमि' है, जिसे अपूर्व लाखिया ने डायरेक्ट किया है.



वहीं, फिल्म का नाम पहले ही बदल चुका है, साथ ही कुछ और बड़े बदलाव भी फिल्म में हुए हैं, फिर भी रिलीज डेट अटकी हुई है. जिसे सलमान भी रिलीज करने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं. पर अब वो वामशी पेडिपल्ली की फिल्म का काम शुरू कर चुके हैं. जी हां, उनकी अगली फिल्मों का अच्छा परफॉर्म करना एक्टर के करियर के लिए बेहद जरूरी है. क्योंकि पिछली फिल्म सिकंदर थी, जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी. पर सालभर बाद शाहरुख की रेड चिलीज वालों ने ऐसा क्या खेल कर दिया कि सलमान फिर से ट्रोल होने लगे? एक वीडियो ने बवाल काट दिया है, जानिए पूरा मामला क्या है? साल 2025 ईद पर सलमान खान की 'सिकंदर' आई थी, जिसे ए.आर मुरुगादास ने डायरेक्ट किया था. साथ ही साजिद नाडियाडवाला ने पैसा लगाया. फिल्म को भारी-भरकम बजट से तैयार किया गया था, पर रिलीज होते ही लोगों ने कहानी पर सवाल उठाने शुरू कर दिए और फिल्म का बुरा हाल हो गया. हालांकि, यह पिक्चर रिलीज से पहले ही लीक भी हो गई थी. खैर,



**संघर्ष और सपनों पर खुलकर बोलीं रश्मि देसाई**

# मैं सिंगल हूं, लेकिन मजबूत हूं

**एक्टिंग** की दुनिया में कई सितारे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं, लेकिन कुछ कलाकार असफलताओं और निजी संघर्षों का सामना करते हुए टूट भी जाते हैं। हालांकि कुछ कलाकार ऐसे भी होते हैं जो हर मुश्किल के बाद और मजबूत होकर सामने आते हैं। ऐसी ही हैं रश्मि देसाई, जिन्होंने अपने करियर और निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन कभी हार नहीं मानी। आईएएनएस संग बातचीत में रश्मि ने अपने संघर्ष, सपनों, असफलताओं और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने को लेकर खुलकर बात की। बात करते हुए रश्मि देसाई ने खुद को एक मजबूत सोच वाली सिंगल महिला बताते हुए कहा, 'मैंने जिंदगी में हमेशा आगे बढ़ना सीखा है। मेरे लिए जिंदगी में बदलाव आना बिल्कुल सामान्य बात है, और यही जीवन का सबसे बड़ा सच भी है। हर चीज एक समय के बाद बदल जाती है, इसलिए इंसान को भी बदलाव को अपनाना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैंने अपनी जिंदगी से एक सबसे अहम बात सीखी है और वह है लगातार आगे बढ़ते रहना। अगर इंसान रुक जाता है तो वह पीछे छूट जाता है, इसलिए मुश्किल हालात में भी आगे बढ़ना जरूरी होता है।'' अभिनेत्री ने कहा, ''जैसे-जैसे इंसान जिंदगी में आगे बढ़ता है, वैसे-वैसे उसके सपने भी बड़े होते जाते हैं। सपने देखने पर कोई टैक्स खर्च नहीं लगता। इसलिए इंसान को बिना डरे बड़े सपने देखने चाहिए। हर व्यक्ति को खुद को हर कदम पर चुनौती देनी चाहिए और अपनी क्षमता को पहचानने की कोशिश करनी चाहिए। इंसान का काम अपनी तरफ से पूरी मेहनत करना है, बाकी चीजें भगवान पर छोड़ देनी चाहिए।'' रश्मि ने अपनी जिंदगी के मुश्किल दौर को भी याद किया। उन्होंने कहा, ''मैंने कई बार असफलताओं का सामना किया है। मैं जिंदगी में कई बार गिरी हूं, लेकिन हर बार खुद को संभाला और फिर से खड़ी हुई। असफलताएं इंसान को बहुत कुछ सिखाती हैं। सफलता इंसान को खुशी देती है, लेकिन असफलता उसे मजबूत बनाती है और जिंदगी की असली सीख देती है।'' उन्होंने कहा, ''एक सिंगल महिला होने के बावजूद मैंने कभी खुद को कमजोर नहीं समझा। मैं मानसिक रूप से बहुत मजबूत हूं और किसी भी मुश्किल परिस्थिति में हार मानने में विश्वास नहीं रखतीं।

# इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए महिला टीम का ऐलान, टी20 और वनडे स्क्वॉड घोषित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की महिला ह्यएह्ण टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयन समिति ने इंडिया-ए महिला क्रिकेट टीम की टी20 और वनडे दोनों फॉर्मेट के लिए अलग-अलग स्क्वॉड घोषित किए हैं, जो इंग्लैंड-ए महिला टीम के खिलाफ सीरीज खेलेंगे। टी20 टीम की कमान अनुभवी खिलाड़ी अनुष्का शर्मा को सौंपी गई है, जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी वृंदा दिनेश को दी गई है। टीम में युवा और उभरते खिलाड़ियों को मौका दिया गया है, जिनमें जी. कमलिनी (विकेटकीपर), उमा चेत्री, वैष्णवी शर्मा, प्रेमा रावत, पूर्वजा वर्लेकर, जिंतिमानी कलिता, सैमा ठाकोर, सिमरन बहादुर, श्वेता सहरावत, दीया यादव, मिन्नू मणि, शबनम शकील और तनुजा कंवर शामिल हैं। वहीं वनडे टीम की कप्तानी हरलीन देओल को सौंपी गई है, जबकि प्रतिका रावल को उपकप्तान बनाया गया है। इस टीम में प्रिया पुनिया, तनिषा सिंह, जी. कमलिनी (विकेटकीपर), उमा चेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसबनीस, निकी प्रसाद, प्रेमा रावत, तनुजा कंवर, वैष्णवी शर्मा, शबनम शकील, सयाली सतघरे, जिंतिमानी कलिता और सैमा ठाकोर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।इस दौरे को युवा खिलाड़ियों के लिए अहम अवसर माना जा रहा है, जहां वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर सकेंगे। चयनकताओं ने संतुलित टीम बनाने की कोशिश की है, जिसमें अनुभव और युवा जोश का अच्छा मिश्रण देखने को मिलता है। इंग्लैंड की परिस्थितियों में खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण माना जाता है, ऐसे में यह सीरीज खिलाड़ियों के कौशल और मानसिक मजबूती की भी परीक्षा होगी। इस दौरे से कई नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आ सकती हैं, जो भविष्य में सीनियर टीम के लिए दावेदारी मजबूत करेंगी।

# अर्जुन कपूर व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा मामले में पहुंचे अदालत



सलमान खान, ऐश्वर्या राय और कार्तिक आर्यन जैसे तमाम सितारों की तरह अब अर्जुन कपूर ने भी व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा के लिए कोर्ट का रुख अपनाया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने आज अर्जुन कपूर की पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा से जुड़ी याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करने की घोषणा की। अर्जुन ने अपनी इस याचिका में ऑनलाइन उनकी पहचान के कथित दुरुपयोग के खिलाफ उनके व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा की मांग की है।

### बिना अनुमति अर्जुन की इमेज का हो रहा इस्तेमाल

इस मामले की सुनवाई जस्टिस तुषार राव गेडेला ने की। अर्जुन कपूर की ओर से पेश हुए वकील प्रवीण आनंद ने न्यायालय को बताया कि कई लोग अर्जुन की इमेज का बिना उनकी अनुमति के उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अनअथराइज्ड बुकिंग में शामिल हैं, जबकि अन्य बिक्री जैसी गतिविधियों में लगे हुए हैं।

### एआई द्वारा तैयार तस्वीरें भी शामिल

आनंद ने बताया कि सामग्री में यौन रूप से आपत्तिजनक सामग्री, फर्जी खबरें और अर्जुन से जुड़े पोर्नोग्राफिक प्रेजेंटेशन शामिल हैं। इनमें से कई एआई द्वारा तैयार की गई तस्वीरें शामिल हैं। इनमें अर्जुन को जानवरों के साथ मिलाकर दिखाया गया है और यहां तक कि गोलगप्पे बेचते हुए भी दिखाया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि इस तरह की तस्वीरें और कंटेंट स्वीकार करने वाला नहीं है। उन्होंने जुबिन नौटियाल, विवेक ओबेरॉय और आचार्य बालकृष्णन से जुड़े मामलों में इसी तरह के अदालती आदेशों का भी हवाला दिया।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय महिला टीम घोषित, नंदिनी शर्मा नया चेहरा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए शनिवार को भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेले जाने वाले इस टूनार्मेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम में युवा तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा को पहली बार मौका मिला है। चंडीगढ़ की 24 वर्षीय नंदिनी ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के लिए 17 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनी थीं, जिसके दम पर उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।



### यास्तिका और राधा की वापसी, कुछ बड़े नाम बाहर

टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और ऑलराउंडर राधा यादव की वापसी हुई है। वहीं अनुष्का शर्मा, उमा छेत्री और काश्वी गौतम को टीम में जगह नहीं मिली है। यही टीम वर्ल्ड कप से पहले होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी खेलेगी।

### हरमनप्रीत कौर पांचवीं बार करेंगी कप्तानी

भारतीय टीम की कमान एक बार फिर हरमनप्रीत कौर के हाथों में होगी, जो इस ग्लोबल टूनार्मेंट में पांचवीं बार टीम की अगुवाई करेंगी। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में वह भारत की शीर्ष स्कोरर रही थीं। उपकप्तानी की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना को सौंपी गई है।

### स्पिन अटैक हुआ मजबूत

भारतीय टीम ने अपने स्पिन विभाग को मजबूत किया है, जिसमें दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, श्री चरणी और राधा यादव शामिल हैं। ये सभी गेंदबाज हालिया दक्षिण अफ्रीका सीरीज में प्रभावी रहे थीं।

### टी20 फॉर्म चिंता का विषय

भारत का हालिया टी20 प्रदर्शन ज्यादा प्रभावशाली नहीं रहा है। 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद टीम ने 21 में से 13 मैच जीते हैं, लेकिन इस साल 8 में से सिर्फ 3 मुकाबले ही जीत पाई है।

# खेल मंत्री मांडविया ने मदिकेरी में उभरते हॉकी खिलाड़ियों से की मुलाकात, बताया- भविष्य के ओलंपियन

**एजेंसी**

***मदिकेरी :*** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कर्नाटक के मदिकेरी स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) प्रशिक्षण केंद्र का दौरा कर युवा हॉकी खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने पर जोर देते हुए भारत को खेल महाशक्ति बनाने की दिशा में इसे अहम बताया।

मांडविया ने विशेष रूप से कोडवा समुदाय की महिला हॉकी खिलाड़ियों से बातचीत की और उनकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोडगु जिला भारतीय हॉकी की मजबूत नींव रखने वाले क्षेत्रों में से एक रहा है। इस समुदाय से कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और ओलंपिक में भी हिस्सा ले चुके हैं।

`ल मंत्री ने कहा कि देश में खेलों के लिए व्यापक और मजबूत ढांचा तैयार किया जा रहा है, जिसमें जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को आगे लाना प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत के पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और सही दिशा में प्रयासों से देश वैश्विक स्तर पर खेलों में मजबूत पहचान बना सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार खेल इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मांडविया ने उम्मीद जताई कि वर्ष 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें शानदार प्रदर्शन करेंगी। मदिकेरी स्थित साई प्रशिक्षण केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस है और यहां युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह केंद्र देश के विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों के लिए प्रतिभाएं तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।मांडविया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ये युवा खिलाड़ी भविष्य में भारत का नाम रोशन कर सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखते हैं।

# मुख्यमंत्री ने विवेक विहार अग्निकांड में 9 लोगों की मौत पर दुख जताया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विवेक विहार अग्निकांड में 9 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इमरात में आग लगने से हुए हादसे में 9 लोगों की मौत से मन व्यथित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे में घायल हुए लोगों का नजदीकी अस्पताल में उपचार चल रहा है, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें यह कठिन समय सहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्थानीय प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), दिल्ली फायर सर्विस और दिल्ली पुलिस के सभी आला अधिकारी राहत और बचाव कार्यों में पूरी



तत्परता से जुटे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और प्रभावितों को हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। हमारे स्थानीय विधायक और निगम पार्षद भी राहत कार्य में अपना सहयोग कर रहे हैं। दिल्ली सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ हर परिस्थिति में मजबूती से खड़ी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली फायर सर्विस को रविवार तड़के करीब 3:48 बजे विवेक विहार थाना पुलिस को आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर इमारत के कई फ्लैट आग की चपेट में थे। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान विभिन्न मंजिलों से नौ शव बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक दूसरी मंजिल के पीछे वाले फ्लैट से एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिले।

## दिल्ली का विवेक विहार लाक्षागृह, जलकर मरे 9 लोगों की पहचान, इनमें एक परिवार के पांच सदस्य शामिल



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विवेक विहार फेज-1 स्थित एक रिहायशी चारमंजिला इमारत में रविवार तड़के लगी आग में जान गंवाने वाले नौ लोगों की पहचान कर ली गई है। इस लाक्षागृह में एक ही परिवार के पांच सदस्य जिंदा जले हैं। पुलिस के अनुसार, दूसरी मंजिल पर पीछे वाले फ्लैट से एक परिवार के पांच लोगों के शव मिले। मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ वर्षीय पोता मास्टर आकाश जैन के रूप में हुई है। पहली मंजिल से शिखा जैन (45) का शव बरामद किया गया। तीसरी मंजिल से एक अन्य परिवार के तीन सदस्यों के शव मिले, जिनकी पहचान नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैली जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) के रूप में हुई है। हादसे में झुलसे नवीन जैन (48)को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत के बारे में फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस के अनुसार, तड़के करीब 3:48 बजे विवेक विहार थाना को एक पीसीआर कॉल के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल विभाग के अलावा अन्य टीमें तत्काल घटनास्थल (विवेक विहार फेज-1 स्थित मकान नंबर बी-13) पर पहुंचे।दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर ऊंची लपटें उठ रही थीं। दमकलकर्मियों और पुलिस ने संयुक्त राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए आग में फंसे करीब 10-15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग पर नियंत्रण पाने के लिए 12 दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। आग बुझाई जा चुकी है। दमकल विभाग के प्रवक्ता एके मलिक के अनुसार, इस हादसे में नौ लोगों की मौत हुई है।आग इमारत के छह फ्लैटों में रखे घरेलू सामान से फैली। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान विभिन्न मंजिलों से नौ झुलसे शव बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी कारणों से लगी हो सकती है। वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस भवन की फायर सेफ्टी व्यवस्था, निकास मार्ग और निर्माण मानकों की भी जांच कर रही है। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

# पश्चिम चंपारण से सद्भाव यात्रा की शुरूआत करेंगे निशांत , जदयू कार्यकर्ता जगह जगह करेंगे स्वागत

एजेंसी

**पटना :** जनता दल यूनाइटेड के नेता निशांत कुमार आज से सद्भाव यात्रा की शुरूआत करेंगे। निशांत अपनी यात्रा की शुरूआत पश्चिम चंपारण से करेंगे। उनकी यात्रा को लेकर जनता दल यूनाइटेड के कार्यकताओं में उत्साह है। कार्यकताओं के द्वारा जगह-जगह उनके स्वागत की तैयारी की गई है। निशांत कुमार 3 और 4 मई को पश्चिम चंपरण में जनसम्पर्क करेंगे। यात्रा के लिए रविवार सुबह 11:15 बजे वह पटना से पश्चिम चंपारण के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद 11:30 बजे सोनपुर के बजरंग चौक के समीप सारण जिला के जदयू कार्यकताओं के द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। दोपहर 12:




15 बजे वैशाली जिला के कार्यकताओं के द्वारा स्वागत, 01:15 बजे सकरी चौक पर मुजफ्फरपुर जिला के कार्यकताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे पूर्वी चंपारण पहुंचेंगे जहां महिषी प्रखण्ड के महेंद्र चौक मंगराही पर दोपहर 2:45 पर कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। इसके बाद 3:45 बजे पश्चिम चंपारण के जौकटिया चौक, बेतिया में कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। शाम 4 बजे वे बेतिया के हरिवाटिका चौक पहुंचेंगे और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। 05:50 बजे बगहा अनुमंडल कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद वे विभिन्न जगहों पर कार्यकताओं से मिलते हुए 7:25 बजे गंडक बैराज स्थल का अध्ययन करेंगे। वहीं 8:15 बजे वाल्मीकिनगर के कन्वेन्शन सेंटर में पार्टी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात करेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।दूसरे दिन 4 मई को वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का भ्रमण करंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे बेतिया स्थित बापू सभागार में संगठन जिला बगहा और पश्चिम चंपारण के कार्यकताओं के साथ निशान संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद पटना के लिए प्रस्थान करेंगे।

## दूल्हे की हत्या के आरोपितों को शरण देने वाले 8 गिरफ्तार

एजेंसी

**जौनपुर :** यूपी के जौनपुर में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत खेतासराय थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने बारात जाने के दौरान बीच सड़क पर दूल्हे की गोली मारकर हत्या करने वाले वांछित 25-25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्तों को शरण देने और फरार होने में मदद करने वाले 8 सहयोगियों को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज गिरीन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई। रविवार को मामले की जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शाहगंज गिरेन्द्र सिंह ने बताया कि खेतासराय थाना में दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। इन आरोपियों को सोंगर मोड़ स्थित कब्रिस्तान के पास शरण देने और उन्हें भगाने में सहयोग करने वाले 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और सभी को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।गिरफ्तार अभियुक्तों के नामःरामजीत विन्द, आदित्य गौतम, कमलेश यादव, गुलशन राजभर, साहिल राजभर, सचिन राजभर, शोले राजभर और बृजमोहन विन्द शामिल हैं। क्षेत्राधिकारी ने कहा अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और उन्हें शरण देने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नहर पुल तोड़ने के दौरान हादसा, मलबे में दबकर मजदूर की मौत

एजेंसी

**सीवान :** सीवान जिले के गुठनी थाना क्षेत्र के बेलौड़ी गांव के समीप शनिवार देर शाम उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब पुराने नहर पुल को तोड़ने के दौरान वह अचानक भरभराकर गिर पड़ा. इस हादसे में मलबे के नीचे दबकर एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूर घायल हो गए। मृतक की पहचान गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के खजुरी पूर्व टोला निवासी हरिचरण कुशवाहा के पुत्र व्यास कुशवाहा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि व्यास कुशवाहा पिछले कई दिनों से एक ठेकेदार के साथ बेलौड़ी गांव में नए पुल के निर्माण कार्य में लगा हुआ था। परिजनों के अनुसार, नए पुल के निर्माण के लिए पुराने पुल को तोड़ा जा रहा था। इस दौरान मजदूर सीमित संसाधनों के बीच काम कर रहे थे. अचानक पुल का एक हिस्सा ढह गया और कई मजदूर मलबे में



दब गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी मजदूरों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक व्यास कुशवाहा की मौत हो चुकी थी। घटना में घायल अन्य मजदूरों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद ठेकेदार के लोग मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। घटना को लेकर इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# राजस्थान के कई जिलों में आंधी-बारिश का कहर: जयपुर, टोंक और अजमेर में तीन मौते

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आंधी-बारिश का दौर लगातार जारी है। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में शनिवार देर शाम तेज अंधड़, धूलभरी हवाओं और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। जयपुर, टोंक और अजमेर में मौसम जनित हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दौसा में आगजनी और मकान ढहने जैसी घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। मौसम विभाग ने रविवार को 11 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है, जबकि 4 मई को 7 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। जयपुर में शनिवार देर शाम करीब डेढ़ घंटे तक तेज तूफानी बारिश हुई। इस दौरान 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे कई स्थानों पर पेड़ और बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। जयसिंहपुरा खोर क्षेत्र में अंधड़ के दौरान हाईटेंशन लाइन टूटकर सड़क पर गिर गई,




लेकिन बिजली सप्लाई बंद नहीं होने से बाइक सवार युवक यूनुस इसकी चपेट में आ गया और जिंदा जल गया। प्रत्यक्षदर्शी करंट के डर से उसकी मदद नहीं कर सके। टोंक जिले के दूनी क्षेत्र में तेज अंधड़ के दौरान पेड़ के नीचे बंधी बकरी को खोलने गए वृद्ध मिश्रीलाल मीणा पर पेड़ की भारी टहनी गिर गई, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं अजमेर में खराब मौसम के बीच मकान ढहने से दो महिलाएं मलबे में दब गईं, जिनमें से एक महिला की मौत हो गई जबकि दूसरी घायल हो गई। दौसा जिले में भी तूफान ने भारी तबाही मचाई। महवा क्षेत्र के सालिमपुर गांव में तेज आंधी के दौरान एक कच्चे घर में आग लग गई, जिसमें 18 बकरियां जिंदा जल गईं। आग बुझाने के प्रयास में परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। सिकंदरा क्षेत्र के बुड़ली गांव में टीनशेड की दीवार गिरने से एक महिला घायल हो गई और कई मवेशी दब गए, जिनमें एक भैंस की मौत हो गई। प्रदेश के बीकानेर, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, अजमेर और कोटा सहित कई जिलों में भी शनिवार को धूलभरी हवाओं के साथ बारिश हुई। कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गए, बिजली आपूर्ति बाधित रही और तापमान में उल्लेखनीय गिरावट हुई। जयपुर में पिछले पांच दिनों में तापमान करीब 5 डिग्री तक गिर गया है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।हालांकि पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, फलोदी और बाड़मेर जैसे जिलों में शनिवार को भी गर्मी का प्रकोप जारी रहा, जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। जैसलमेर और फलोदी में तापमान 44.4 डिग्री, जबकि बाड़मेर में 44.3 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिनों तक राजस्थान में आंधी-बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा। 4 मई को जयपुर, बीकानेर, भरतपुर और अजमेर संभाग के कई जिलों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से अंधड़ चलने की संभावना है। इससे अगले एक सप्ताह तक हीटवेव से राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन खराब मौसम के कारण जनहानि और संपत्ति नुकसान की आशंका बनी रहेगी।

# मप्रः मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का भूमि-पूजन

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को इन्दौर में इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण का भूमि-पूजन करेंगे। प्रदेश को सुदृढ़ औद्योगिक आधार और आदर्श निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह कॉरिडोर महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम में शॉर्ट फिल्म के माध्यम से कॉरिडोर के स्वरूप, संभावनाओं और क्षेत्रीय प्रभावों को दिखाया जाएगा।



जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कॉरिडोर इन्दौर एयरपोर्ट के समीप स्थित सुपर कॉरिडोर को पीथमपुर निवेश क्षेत्र से जोड़ते हुए एक सुव्यवस्थित औद्योगिक धुरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से न केवल औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी, बल्कि लॉजिस्टिक्स, परिवहन और बाजार तक पहुंच भी अधिक प्रभावी बनेगी। यह परियोजना इन्दौर क्षेत्र में विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टर्स को एकीकृत कर निवेश के लिए एक संगठित और सक्षम वातावरण तैयार करेगी। जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के माध्यम से पीथमपुर निवेश क्षेत्र, लॉजिस्टिक हब, टेक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को एकीकृत कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। इससे उत्पादन और वितरण तंत्र अधिक प्रभावी बनेगा और उद्योगों के लिए संचालन की प्रक्रिया सरल होगी। यह परियोजना प्रदेश में निवेश प्रवाह को सुदृढ़ करने और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

**परियोजना की प्रमुख विशेषताएं**

- परियोजना के अंतर्गत सुपर कॉरिडोर से पीथमपुर निवेश क्षेत्र तक लगभग 20.28 किलोमीटर लंबाई का मार्ग विकसित किया जा रहा है।
- लगभग 1316 हेक्टेयर क्षेत्र में नियोजित विकास का प्रावधान किया गया है, जिसके लिए कुल 2360 करोड़ रु. की लागत निर्धारित की गई है।
- अधोसंरचना के तहत 75 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क तथा उसके दोनों ओर विकसित होने वाला बफर जोन इस कॉरिडोर को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तार योग्य बनाएगा।
- यह कॉरिडोर राष्ट्रीय राजमार्ग-47 और राष्ट्रीय राजमार्ग-52 के बीच प्रभावी कनेक्टिविटी स्थापित करते हुए औद्योगिक परिवहन को अधिक सुगम और समयबद्ध बनाएगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन करने वाले कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत 14 पर मुकदमा दर्ज

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में सार्वजनिक प्रदर्शन और शीर्ष नेताओं के प्रतीकात्मक पुतले जलाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने शनिवार की देररात को कांग्रेस जिलाध्यक्ष सरिता दोहरे, योगेश यादव सहित 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल राजकुमार सिंह ने रविवार को बताया कि यह मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के बिचौली गांव का है, जहां कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ आक्रोश जताते दोनों नेताओं के प्रतीकात्मक पुतले भी फूंके। यह प्रदर्शन बिना अनुमति के किया गया और इससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी। इस पूरे प्रकरण में सदर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक शकील की ओर से तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल ने बताया कि नामजद आरोपितों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सरिता दोहरे और योगेश यादव शामिल हैं, जबकि 10 से 12 अन्य अज्ञात महिला और पुरुष कार्यकताओं को भी आरोपित बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नेपाल: एक अध्यादेश से 1500 से अधिक राजनीतिक नियुक्तियां रद

**काठमांडू :** नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल से मंजूर अध्यादेश के राजपत्र में प्रकाशित होते ही 1500 से अधिक राजनीतिक नियुक्तियां रद हो गईं। इसी के साथ 150 सार्वजनिक निकायों के 1,500 से अधिक पद आज रिक्त हो गए । शनिवार को जारी ह्लसार्वजनिक पदाधिकारी हटाने सम्बन्धी विशेष व्यवस्था अध्यादेशह्व को रविवार को राजपत्र में प्रकाशित किया गया है। इस अध्यादेश का प्रभाव विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक संस्थानों, समितियों, बोर्डों और विभिन्न प्राधिकरणों सहित कई सरकारी निकायों पर पड़ा है। पिछली सरकारों के कार्यकाल में की गई राजनीतिक नियुक्तियां रद कर दी गई है। इस अध्यादेश के दायरे में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, शेर बहादुर देउवा, पुष्प कमल दहाल प्रचण्ड से लेकर पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की नेतृत्व वाली सरकार के दौरान की गई नियुक्तियां आई हैं। इस अध्यादेश से नेपाल प्रज्ञा प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थान, संवैधानिक निकाय तथा सरकारी प्रसारण संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के सचिवालय से मीडिया को भेजे गए प्रेस नोट में उन 150 सरकारी निकायों के नाम शामिल हैं जिनमें पिछली सरकारों द्वारा नियुक्त किए गए कुल 1594 लोगों को आज से पदमुक्त माना गया है। हालांकि, अध्यादेश में नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर या उसके बोर्ड सदस्यों को हटाने सम्बन्धी कोई सूचना नहीं दी गई है।

### पति पर घर जलाने का आरोप, पत्नी-बच्चे बाल-बाल बचे

**मीरजापुर :** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में जिगना थाना क्षेत्र के बघेड़ा खुर्द गांव की दलित बस्ती में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। आरोप है कि पति ने अपनी पत्नी और पांच बच्चों को जिंदा जलाने के इरादे से रिहायशी मड़हे में आग लगा दी। हालांकि, पत्नी और बच्चे किसी तरह आग की लपटों से निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। पीड़िता पूजा देवी के अनुसार, वह अपने बच्चों अंजली (14), अनुराग (10), दीपांशु (6) और शिवांश (3) के साथ मड़हे में सो रही थीं। रात करीब नौ बजे अचानक आग लग गई। किसी तरह बच्चों को लेकर बाहर निकलने के बाद उन्होंने शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक मड़हा जलकर राख हो चुका था। आग में साइकिल, चारपाई, बिस्तर, बर्तन, अनाज समेत पूरा गृहस्थी का सामान जल गया। साथ ही अमरूद के दो पेड़ भी झुलस गए। घटना के बाद आरोपित पति मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि पति अक्सर नशे में मारपीट करता है और आरोप-प्रत्यारोप लगाता रहता है। घटना के बाद परिवार के सामने खाने तक का संकट खड़ा हो गया है। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने जांच कर तहरीर देने की सलाह दी। थाना प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्राम प्रधान बांके बिहारी मिश्र ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### हेलीकॉप्टर से बच्चों को किया सुरक्षित

**सिद्धार्थनगर :** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद मुख्यालय के कांशीराम आवास के निकट पानी की टंकी पर फंसे दोनों बच्चों को सेना के हेलीकॉप्टर से सुरक्षित उतार लिया गया। यह जानकारी जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर शिवशनरप्पा जी एन ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय एवं राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश डॉ हृषि केश भाष्कर यशोद से वार्ता की गई। सेना का हेलीकॉप्टर गोरखपुर से मंगाया गया । रविवार को सुबह पांच बजकर बीस मिनट पर सेना का हेलीकॉप्टर पहुंचा।पन्द्रह मिनट तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में दोनों बच्चों को सुरक्षित निकाला गया।रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद वायु सेना के जवान दोनों लड़कों को अपने साथ गोरखपुर ले गये।जहां उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है।मौके पर जिलाधिकारी के अलावा अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी रेस्क्यू की निगरानी करते रहे। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई तथा सेना के समन्वय से यह चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिससे एक बड़ा दुर्घटना टल गई। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय स्थित कांशीराम आवास के निकट बने पानी की टंकी पर रील बनाने के लिए शनिवार को पांच बच्चे उसकी सीढ़ी से चढ़े थे। जिनमें से दो तो ऊपर पहुंच गये,लेकिन इसमें से तीन लोगों के चढ़ते समय ही इसकी सीढ़ी भरभराकर टूट गई और नीचे गिर गई।जिससे तीनों बच्चे भी नीचे गिर गए थे। इसमें 14 वर्षीय सिद्धार्थ की मौत हो गई। जबकि 13 वर्षीय गोलू तथा 11 वर्षीय शनि का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। दो शनिवार शाम से टंकी पर फंसे थे। दोनों को आज हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया है।

### सुलतानपुर : आंधी पानी के बीच पेड़ गिरने से एक की मौत, एक घायल

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर में रविवार सुबह तेज आंधी और बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। वहीं, कुछ नुकसान और जनहानि की घटना सामने आयी है। तेज आंधी में धनपतगंज क्षेत्र के रामनगर गांव में चक्की पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। धनपतगंज के रामनगर गांव में अजीत सिंह (55) की चक्की के ऊपर खड़े महुआ के पेड़ की एक भारी डाल अचानक टूटकर गिर गई। इस हादसे में अजीत सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं, नरेंद्र सिंह (62) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना का संज्ञान लेकर मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि तेज बारिश के कारण आज सुबह शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सड़कों से लेकर घरों तक पानी भर गया। नवीन मंडी अमहट भी पानी से लबालब हो गई। देहली बाजार स्थित नंद ऑयल मिल पर लगे सोलर पैनल भी सुबह की तेज आंधी में उखड़ गए। पांच दिन पहले आए तूफान में भी जिले में सात लोगों की मौत हुई थी, जिससे प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पारा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात को लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने रविवार को बताया कि देर रात थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मोहान रोड स्थित आगरा एक्सप्रेस-वे जीरो प्वाइंट के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मृत्यु हो गई है। सूचना प्राप्त होते ही थाना स्थानीय पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त काकोरी के ग्राम भलिया निवासी रोहित (33) के रूप में हुई है। बड़े भाई जितेंद्र ने बताया कि रोहित मैकेनिक का काम करता था। रात्रि 11:30 बजे वह पारा क्षेत्र स्थित आरपी ऑटो सर्विस सेंटर से काम खत्म करके घर जा रहा था। मोहान रोड पर आगरा एक्सप्रेस-वे जीरो प्वाइंट के पास पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के उपरांत चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरें खंगाले जा रहे हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## कदमा में शादी समारोह में जा रही महिला से बदमाशों ने तीन लाख की चेन छीनी

**जमशेदपुर :** कदमा के अनिल सुर पथ स्थित सारनाथ सरोवर, नारायणी विला निवासी अनीता चौधरी से बदमाशों ने सोने की लूट ली। वह अपने पति जेपी चौधरी के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान मुख्य सड़क पर डी रोड और सी रोड के बीच बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले से चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। चेन की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है। घटना के बाद तुरंत इसकी सूचना स्थानीय विधायक सरयू राय को दी। विधायक ने थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विधायक के निर्देश पर पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष नीरज सिंह को भी मौके पर भेजा गया।

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले भी छिनतई की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## केंदुआडीह सड़क को लेकर सियासत तेज, रागिनी-राज पहुंचे केंदुआडीह

**धनबाद :** केंदुआडीह सड़क(धनबाद-बोकारो) को लेकर सियासी सक्रियता बढ़ रही है। झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा अपने अपने समर्थकों के साथ केंदुआडीह पहुंचे और भू-धंसान की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। मामले पर रागिनी सिंह बीसीसीएल सीएमडी से मिलकर वार्ता की। वहीं राज सिन्हा ने सीएमडी-डीसी से फोन पर बात कर तत्काल कार्रवाई की मांग की। मालूम हो शनिवार को ही मामले में उच्चस्तरीय बैठक होनी थी जो प्रशासन की ओर से स्थगित कर दिया गया। सीएमडी से मिल रागिनी सिंह ने केदुआडीह सड़क खोलने की मांग की
धनबाद के केंदुआडीह अग्नि प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंचीं झरिया विधायक रागिनी सिंह ने धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क के पिछले 20 दिनों से बंद रहने पर चिंता प्रकट की। मामले को लेकर बीसीसीएल सीएमडी से मिल रागिनी सिंह ने सड़क को खलने की मांग की। मौके पर मेयर संजीव सिंह भी मौजूद थे। सीएमडी ने आश्वस्त किया कि तकनीकी टीमों की ओर से स्थिति का आकलन किया जा रहा है और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही सड़क को चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। विधायक रागिनी बोली कि मुख्य मार्ग के बंद रहने से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आखिर कब तक सड़क को इस तरह बंद रखा जाएगा। बीसीसीएल को धंसी हुई सड़क की भराई कर जल्द से जल्द मार्ग चालू करने की दिशा में काम शुरू करना चाहिए और वैकल्पिक रास्ता भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

क्षेत्र की स्थिति पर जीएम की जानकारी

इधर दौरे के दौरान पीबी एरिया के जीएम जी सी साहा ने विधायक को बताया कि क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय लिए जा रहे हैं। जल्द ही समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है। रागिनी सिंह ने चेतावनी दी कि जल्दी समाधान नहीं निकला तो मामले को लेकर कोयला मंत्री से मिलेंगे एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग करेंगे।

जिला प्रशासन और बीसीसीएल पहल करे

धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भी केंदुआडीह का दौरा किया। कहा क्षेत्र में लगातार हो रहे भू-धंसान से स्थानीय लोगों में भय, दहशत व भारी आक्रोश का माहौल व्याप्त है। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण स्थिति और भयावह बन गई है तथा नए गोफ में बारिश का पानी तेजी से समाहित हो रहा है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

विधायक सिन्हा ने जिला प्रशासन, जेआरडीए एवं बीसीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की सुरक्षा एवं स्थायी समाधान के प्रति प्रशासन पूरी तरह असंवेदनशील बना हुआ है। अब तक न तो प्रभावित परिवारों का समुचित पुनर्वास किया गया और न ही भू-धंसान रोकने के लिए कोई ठोस तकनीकी पहल की गई। प्रशासन केवल सड़क बंद कर अपनी जिम्मेदारियों से बचने की कोशिश कर रहा है, जबकि क्षेत्र के हजारों लोगों की जान जोखिम में है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में किसी बड़ी जनहानि की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन एवं बीसीसीएल प्रबंधन की होगी। विधायक ने बीसीसीएल के सीएमडी एवं धनबाद उपायुक्त से दूरभाष पर बात कर मामले की गंभीरता से अवगत कराया तथा तत्काल उच्चस्तरीय तकनीकी जांच, प्रभावित क्षेत्र की सुरक्षा घेराबंदी, स्थायी पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन के तहत त्वरित कार्रवाई की मांग की। विधायक की मांग पे उपायुक्त एवं बीसीसीएल सीएमडी ने कल दिनांक 02/05/2026 को तकनीकी विशेषज्ञों एवं अभियंताओं की टीम को भेजने की बात कही।

## पटमदा में बहनोई के घर आया युवक लापता, थाने में सनहा दर्ज

**पटमदा :** पटमदा के आमकांड़ी गांव से एक युवक के अचानक लापता होने से परिजनों में चिंता है। लापता युवक राखहरि मंडल (23) बोकारो जिले के पिंड्राजोरा के सिजुआ गांव का निवासी है। राखहरि मंडल अपनी मां के साथ गुरुवार को आमकांड़ी गांव स्थित बहनोई अमर मंडल के घर आया था। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है और दिन में उसे सिसदा गांव के एक वैद्य के पास इलाज के लिए ले जाया गया था। शुक्रवार शाम करीब साढ़े 5 बजे वह अपने बहनोई से शौच के लिए जाने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन काफी देर तक नहीं लौटा।

जब आधे घंटे बाद भी पता नहीं चला तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लोगों के अनुसार, उसे शाम करीब 6 बजे बेलटांड़ चौक पर देखा गया था, जहां से वह तेजी से पैदल पटमदा बाजार की ओर जाता हुआ नजर आया। इसके बाद उसका सुराग नहीं मिल पाया। परिजनों ने देर रात तक आसपास के इलाकों में तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अंततः उन्होंने पटमदा थाने में सूचना देकर युवक की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। परिजनों ने आमलोगों से अपील की कि यदि किसी को राखहरि मंडल के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या परिजनों को सूचित करें।

## अल्पसंख्यक विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने धनबाद के संजय

धनबाद : झारखंड अल्पसंख्यक एवं सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ रांची के प्रदेश उपाध्यक्ष धनबाद के संजय कुमार सिंह बनाए गए हैं। रांची में हुए केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के चुनाव में संजय कुमार सिंह चयनित किए गए। संजय कुमार सिंह डीएवी मध्य विद्यालय पुराना बाजार के हेडमास्टर हैं। शनिवार को धनबाद अल्पसंख्यक स्कूल संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजमोहन मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों ने विद्यालय पहुंचकर उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्यस्तरीय वार्षिक आमसभा में पुरानी पेंशन में हो रही परेशानी, सहायक आचार्य के पद नियुक्त कर्मियों की नियमावली, प्रोन्नति समेत अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई। चालू शैक्षणिक सत्र में स्कूलों में खेलकूद, निबंध, लेखन, रंगोली समेत अन्य प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। हेडमास्टर नूरजहां, दीपक कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिंह, राकेश कुमार, आबिद, सचीन्द्र नाथ मंडल समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।

# झारखंड सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर अरवा राजकमल ने नए झारखंड भवन का किया निरीक्षण

### पारदर्शी एवं तकनीक-संचालित व्यवस्था विकसित करने पर जोर

**बिनय मिश्रा**

झारखंड सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर अरवा राजकमल ने न्यू झारखंड भवन का विस्तृत औचक निरीक्षण कर समग्र व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान भवन की मेंटेनेंस, हाउसकीपिंग, रसोई संचालन ,कर्मचारियों की उपस्थिति विवरणी,कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का भौतिक सत्यापन किया गया।

उन्होंने अधिकारियों को न्यू झारखंड भवन को बेहतर प्रशासनिक समन्वय एवं जनसुविधाओं के मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कर्मचारियों का सुव्यवस्थित विवरण संधारित करने, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को



अधिक पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम बनाने हेतु इलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल एवं डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने पर बल दिया। ऑनलाइन फीडबैक प्रणाली शुरू करने एवं मैनुअल रिकॉर्ड को नियमित रूप से अपडेट रखने, शौचालय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं कूड़ा-कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के सख्त निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं शिकायतों की जानकारी ली तथा उनके त्वरित, व्यवहारिक एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, न्यू झारखंड भवन परिसर में उद्योग विभाग एवं जे टी डी सी कार्यालय प्रारंभ करने की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिससे दिल्ली स्थित झारखंड भवन को राज्य के प्रशासनिक, औद्योगिक, पर्यटन एवं जनसंपर्क गतिविधियों के प्रभावी केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने रसोई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि भोजन की आपूर्ति समय पर एवं बिना किसी विलंब के सुनिश्चित की जाए, ताकि भवन में ठहरे अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बोकारो पुलिस ने नाबालिग लड़की को कोलकाता से किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार




**संवाददाता**

**बोकारो :** चास थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने नाबालिग को कोलकाता से बरामद किया है और आरोपी आरियन अली जमान को भी गिरफ्तार किया है.

लड़की के पिता मो. जाफर कर्बला रोड, सुल्तान नगर, चास) के लिखित आवेदन के आधार पर 28 अप्रैल 2026 को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. आवेदन में आरोप लगाया गया था कि दिन के करीब 11 बजे उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा लिया गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, बोकारो के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर, चास) के नेतृत्व में टीम गठित की गई. तकनीकी सहायता के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 1 मई को पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित बेनियापुकुर थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया. छापेमारी के दौरान लड़की को आरोपी आरियन अली जमान के घर से बरामद किया गया. पुलिस ने मौके से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

आरोपी ने नाबालिग को कमरूज जमान, पता- 3/ए, छातु बाबू लेन, थाना- इन्टाली, जिला- कोलकाता स्थित अपने घर में रखा था. पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन भी बरामद किया है जिसका फॉरेंसिक एनालिसिस करने की बात चास एसडीपीओ प्रवीण सिंह ने कही है. प्रवीण सिंह ने कहा कि नाबालिग की पिता के द्वारा दिए गए सूचना के बाद टीम को टावर लोकेशन एवं अन्य सूचना के आधार पर इनको बरामद किया. पुलिस आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है.

## शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों को बताई गई श्रम की गरिमा

**जमशेदपुर :** श्रमिक दिवस (मई दिवस) पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर सहायक कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया गया। लोयोला स्कूल टेल्को में प्रार्थना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कर्मचारियों को फूल और कार्ड भेंट किए गए, जहां प्रधानाचार्या चरणजीत ओहसन और प्रशासक फादर जेरी ने उन्हें संस्था की वास्तविक शक्ति और आत्मा बताया। वहीं, लोयोला स्कूल बिष्टूपुर के फैजी ऑडिटोरियम में गरिमापूर्ण जुलूस और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गुमनाम नायकों का आभार व्यक्त किया गया, जहां फादर विनोद फर्नांडीस ने सम्मान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में अध्यक्ष सुखदेव महतो और प्राचार्य संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित समारोह में छात्रों ने नाटिका के माध्यम से श्रमिकों के संघर्ष को दशार्या।

दयानंद पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या अर्चना रेहल ने कर्मचारियों की ईमानदारी की सराहना की, जबकि शेन इंटरनेशनल स्कूल में तिलक लगाकर और उपहार देकर श्रमिक भाई-बहनों का अभिनंदन किया गया। मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में प्राचार्या संगीता सिंह के संबोधन के बाद स्टाफ के लिए मनोरंजक खेल हुए, जिससे एकता का माहौल बना। आरवीएस एकेडमी मानगो में अध्यक्ष बिंदा सिंह और प्राचार्या वीशा मोहिंद्रा ने सहायक कर्मचारियों को खाद्य सामग्री एवं उपहार प्रदान किए।

## खराब हुआ तो 8 घंटे में बदलेगा ट्रॉसफॉर्मर

जमशेदपुर : लगातार आंधी-बारिश के कारण कोल्हान क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। हालात को देखते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के सीएमडी के. श्रीनिवासन ने सभी एरिया बोर्ड के महाप्रबंधकों को युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य चलाने का निर्देश दिया है, ताकि आपूर्ति जल्द सामान्य हो सके। निगम के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में खराब ट्रांसफॉर्मर को 6 से 8 घंटे के भीतर बदलने का लक्ष्य तय किया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह समय सीमा अधिकतम 48 घंटे रखी गई है। हालांकि जमीनी स्तर पर कई बार ट्रांसफॉर्मर बदलने में हफ्तों लगने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान में तेज हवाओं के कारण बिजली के तार टूटने, पोल क्षतिग्रस्त होने और ट्रांसफार्मर में खराबी की कई घटनाएं सामने आई हैं। कई जगहों पर पेड़ गिरने से फीडर लाइन बाधित हो गई, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित है

निगम ने अतिरिक्त तकनीकी मैनपावर की तैनाती की है। अभियंता, लाइनमैन और तकनीकी कर्मियों की टीमों को फील्ड में लगाया गया है, ताकि फॉल्ट की पहचान कर तुरंत मरम्मत की जा सके। वहीं निदेशक प्रभात कुमार श्रीवास्तव स्वयं हालात की निगरानी कर रहे हैं और नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट ले रहे हैं। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और जलापूर्ति इकाइयों को संवेदनशील श्रेणी में रखते हुए वहां विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

गर्मी के कारण बढ़ती मांग ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। कोल्हान में वर्तमान में करीब 470 मेगावाट बिजली की मांग है, जिसमें शहरी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 250 मेगावाट है।

## सीरियल क्राइम गिरोह के सदस्य मंगल तिवारी की हत्या, 10 दिनों से था लापता

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ष 2014 में शहर में सीरियल क्राइम कर आतंक मचाने वाले पूर्व सिपाही अंजन शुक्ला गिरोह के सदस्य मंगल तिवारी की हत्या कर दी गई। मंगल 21 अप्रैल से लापता था, उसका शव 26 अप्रैल को परसूडीह स्थित कान्हा स्वीट्स के पास पुलिया के नीचे एक गड्ढे से बरामद किया गया था। मामले में चार दिन बाद एक मई को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई। मृतक के भाई बंटी तिवारी के आवेदन पर मुनीष पांडेय नामक युवक समेत चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इस कांड में आरोपी बना मुनीष पांडेय भी अंजन शुक्ला गिरोह का ही सदस्य रह चुका है। मुनीष और मंगल तिवारी को रंगदारी के एक मामले में 23 अप्रैल 2019 को ढाई साल की सजा भी हो चुकी है।

परिजनों का आरोप है कि मंगल तिवारी 21 अप्रैल से लापता था, लेकिन शुरूआती दिनों में पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। परिवार के सदस्य लगातार थाने का चक्कर लगाते रहे, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि समय रहते पुलिस सक्रिय होती तो घटना को रोका जा सकता था या कम से कम मामले का खुलासा पहले हो जाता। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

मामले में मोबाइल से कुछ अहम सुराग मिलने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, मंगल 21 अप्रैल की दोपहर घर से दोस्तों से मिलने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। मृतक के भाई के अनुसार, मुनीष उसका करीबी और केस पार्टनर है, जिसके साथ वह उस रात निकला था। 22 अप्रैल की रात मुनीष नशे की हालत में मंगल के घर पहुंचा और बताया कि दोनों ने साथ में शराब पी थी, जिसके बाद मंगल कहां गया, उसे जानकारी नहीं है।

अगले दिन जब परिजनों ने मंगल के मोबाइल पर संपर्क किया तो फोन एक सैलून संचालक ने उठाया। उसने बताया कि मोबाइल उसे रास्ते में गिरा हुआ मिला था। इस बीच, परिजनों ने दावा किया कि घटना वाली रात मंगल के कुछ दोस्त नशे की हालत में उसके घर पहुंचे थे, जिससे उन पर शक और गहरा गया है। परिजनों का यह भी कहना है कि जिस स्थान से शव बरामद हुआ, वहां पानी बहुत कम था, जिससे डूबने की आशंका नहीं के बराबर है। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है।

## रेलवे में नौकरी के नाम पर बीसीसीएलकर्मी ने 29 लाख ठगे

**धनबाद :** छत्तीसगढ़ रायगढ़ कुडुमकेला घरघोड़ा निवासी गुरुदेव प्रसाद के दो बेटों को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर सरायढेला न्यू कार्मिक नगर बापू नगर निवासी तीन भाइयों ने 29 लाख रुपए की ठगी कर ली। शनिवार को गुरुदेव ने बीसीसीएलकर्मी जितेंद्र कुमार, उसके भाई व पड़ोसी वीरेंद्र कुमार और मनीष कुमार के खिलाफ सरायढेला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। गुरुदेव ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि जितेंद्र कुमार बीसीसीएल की कुसुंडा कोलियारी में जनरल मजदूर है। जनवरी 2023 में वह अपने दामाद केके नोनिया के घर एक शादी समारोह में शरीक होने आए थे। उसी दौरान जितेंद्र से उनकी मुलाकात हुई थी।जितेंद्र के आवास पर ही वीरेंद्र और मनीष ने उनके दो बेटों विकास चौहान और अविनाश चौहान को रेलवे में नौकरी दिलाने की बात कही।

## मुनीडीह वाशरी हादसाः मजदूरों के आश्रितों को 20-20 लाख का मुआवजा और मिलेगी नौकरी

**संवाददाता**

**धनबाद :** बीसीसीएल के मुनीडीह स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की वाशरी में शनिवार को हुए हादसे में चार मजदूरों की जान चली गई थी। स्लरी (कोयले का गीला कचरा) लोडिंग के दौरान यह हादसा हुआ था।

हादसे के बाद आक्रोशित परिजन और यूनियन नेता शव को वाशरी गेट पर रखकर मुआवजे और नौकरी की मांग पर अड़े रहे। देर रात से लेकर सुबह करीब 4 बजे तक चली मैराथन वार्ता के बाद बीसीसीएल प्रबंधन और यूनियन के बीच सहमति बन गई।

आश्रितों को 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

समझौते के तहत सभी मृतकों के आश्रितों को कुल 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसमें 10 लाख रुपये 10 दिनों के भीतर और बाकी के 10 लाख रुपये 20 दिनों के अंदर देने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही अंतिम




संस्कार के लिए 75 हजार रुपये अलग से दिए जाएंगे।

परिजनों को राहत देने के लिए एक और अहम फैसला लिया गया है, हर प्रभावित परिवार के एक सदस्य को मुनीडीह वाशरी की आउटसोर्सिंग में नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई के लिए ऊअश स्कूल में नामांकन के लिए भी मदद की जाएगी।

हादसे की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच का भी निर्णय लिया गया है। एक स्वतंत्र टीम गठित कर रडढ तैयार किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

पीड़ित परिवारों को मिली राहत

फिलहाल इस समझौते से पीड़ित परिवारों को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन अब नजर इस बात पर रहेगी कि बीसीसीएल प्रबंधन अपने वादों को कितनी तेजी से जमीन पर उतारता है।

दाह संस्कार के लिए 75 हजार रुपये

वहीं मामले को लेकर मुनीडीह ओपी प्रभारी मनिता कुमारी ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन के साथ यूनियन नेताओं और ग्रामीणों की सकारात्मक वार्ता हुई है। समझौते में मृतक के आश्रितों को 20-20 लाख रुपये का मुआवजा, आउटसोर्सिंग में एक की नौकरी, दाह संस्कार के लिए 75 हजार और बच्चों की पढ़ाई ऊअश में बीसीसीएल द्वारा कराए जाने को लेकर सहमति बनी है।